‘राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 145 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 10 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

कच्चे कर्मचारी पक्के होने से कम पर संतुष्ट नहीं : सुभाष लांबा

Page 4



# मुख्यमंत्री से ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने की मुलाकात

**दोनों खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के खिलाड़ियों ने हमेशा राज्य और देश को किया है गौरवान्वित – नायब सिंह सैनी**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज उनके आवास संत कबीर कुटीर पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता सुश्री मनु भाकर और श्री सरबजोत सिंह ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और भविष्य में भी उच्च प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सरबजोत सिंह और मनु भाकर के साथ उनके माता-पिता और कोच भी उपस्थित रहे। दोनों खिलाडियों ने मुख्यमंत्री के साथ पेरिस ओलंपिक में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री संजय सिंह भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमेशा हरियाणा के खिलाड़ियों ने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर हमें बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेलों और खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए वर्तमान राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें दोनों खिलाड़ियों से मिलकर बहुत खुशी हो रही है। मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में देश के लिए कांस्य पदक जीते हैं। मनु भाकर ने निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीते, जबकि सरबजोत सिंह ने भी कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। पूरे देश को हमारे दोनों खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्हें जल्द ही राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को भी रजत पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हॉकी में भी राज्य के तीन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि 2 प्रतिशत से भी कम आबादी वाले हरियाणा ने एक बार फिर ओलंपिक में देश का नाम रोशन किया है। देश को अब तक मिले 5 पदकों में से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

**हरियाणा की सांस्कृतिक और खान – पान में ही खेल रचे बसे हैं –मनु भाकर**

इस अवसर पर सुश्री मनु भाकर ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और खान-पान की अच्छी आदतों ने राज्य के खिलाड़ियों में खेल प्रतिभा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मनु भाकर ने राज्य की खेल नीति को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हमेशा हमारी प्रतिभा को निखारने के लिए हरसंभव मदद की है। बच्चों को छोटी उम्र से ही खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करना हरियाणा की संस्कृति में है। उन्होंने भविष्य में स्वर्ण पदक लाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें न केवल अपने माता-पिता और कोचों से सहयोग मिला है, बल्कि राज्य सरकार से भी निरंतर सहायता को मिलती रही हैं, जो उनकी सफलता का आधार रहा है।

**हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ है– सरबजोत**

सरबजोत सिंह ने भी हरियाणा सरकार की खेल नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ है और राज्य सरकार से मिलने वाला सहयोग निश्चित रूप से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाता है। सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के दबदबे पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय एथलीटों द्वारा जीते गए अधिकांश पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव श्री नवदीप सिंह विर्क, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़ और विशेष अधिकारी, कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच, श्री पंकज नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास को गति दी है : मुख्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अनुसूचित जाति, गरीब और अंत्योदय परिवारों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार एक मिशन के मोड पर काम कर रही है। पिछले 10 सालों में बनी योजनाओं का प्रदेश के लोगों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। प्रदेश में जमकर विकास कार्य हुए हैं, जिनके दम पर हम लोगों के बीच जाएंगे।

मुख्यमंत्री आज अपने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर निवास में एससी युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एस सी युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि केंद्र में भाजपा सरकार आई तो देश के सॅविधान को बदल देगी। लेकिन यह झूठ ही था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तो सॅविधान को माथे पर लगाते हैं वह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चल देश के विकास करने में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में गरीब लोगों को 100-100 गज के प्लाट उपलब्ध कराए हैं, ताकि उन्हें रहने में सहूलियत मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की सालाना आय 1.80 लाख रुपए है, उनके घरों पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाए जाएंगे। ताकि उन्हें बिजली का बिल न भरना पड़े। सरकार ने पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी दी है। हमारी सरकार में बिना खर्ची पर्ची के काम हो रहा है। गरीब लोग हरियाणा रोडवेज में हैप्पी कार्ड के जरिए मुफ्त यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार गरीब व्यक्ति को मजबूत करने एवं उन्हें न्याय दिलाने में तत्पर हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र पूनिया, मोहित, चंद्र प्रकाश बोस्ती, अजय खुंडिया, दिनेश शास्त्री, भारत भूषण टाक, सत्यवान, कृष्ण मुरारी सहित बड़ी संख्या में एससी युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे।

# अरूण योगीराज पहुंचे थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के बीच

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** रेलवे रोड स्थित होटल सरेमोनी में रामलल्ला जी की मूर्ति को साक्षात भव्य रूप देने वाले अरुण योगीराज पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो, उनके अभिभावकों व समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा फूलों की वर्षा व ढ़ोल बजा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरुण योगीराज ने बताया की उन्हें यहाँ आकर पता चला की थैलसिमिया कितनी खतरनाक बीमारी है व इस भयानक बीमारी से बचा भी जा सकता है।

उन्होंने कहा की वो समाज में थैलासीमिया के प्रति लोगो को जागरूक करेंगे। जो बच्चे पैदा हो चुके है उनके लिए श्री राम जी के चरणों में अरदास करेंगे कि वो स्वस्थ रहे। कमलेश हुडेजा व भगवान बत्रा ने अरुण को संस्था का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। थैलासीमिया संस्था के प्रधान भगवान गुलाटी बताया की अरुण को फरीदाबाद बुलाने का मुख्य उदेश्य था की अरुण को संस्था से जोड़ना ताकि वो समाज को एक सन्देश दे सके की, थैलासीमिया की जानकारी से ही थैलासीमिया पर काबू पाया जा सकता है। सभी बच्चो फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया द्वारा अरुण के हाथो उपहार दिए गए। जिन्हें पाकर वो खुश तो थे ही सबने यही कहा की जीवन में सबसे अच्छा उपहार आज मिला है। जो भी गणमान्य लोग कार्यक्रम मे उपर्सतिथ थे उनकी एक ही इच्छा थी वो अरुण योगिराज के हाथो को चुम ले। कार्यकर्म में रेनू भाटिया चेयरमैन, राजकुमार वोहरा बीजेपी जिलाध्यक्ष, बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया, संजय अरोरा, सुशील भाटिया, संजीव ग्रोवर, अमित ग्रोवर, सुरेश कुमार समाज सेवक आनंद जुनेजा, नन्द प्रकाश, गुलशन भाटिया, अजय शर्मा, अंशुम शर्मा, संजय भाटिया की गरिमामय उपर्सतिथि रही। अंत में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के महा सचिव रविंद्र डुडेजा, जे. के. भाटिया ने सभी का धन्यवाद किया।



# निगमायुक्त की कार्यशैली से नाराज कर्मचारियों ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने निगम आयुक्त की कार्यशैली से नाराज एवं नियमों के विरुद्ध सफाई कर्मचारी एवं सीवर मैनो के शोषण का आरोप लगाते हुए निगम मुख्यालय पर आंदोलन के दूसरे चरण में आज भोजन अवकाश के समय कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरु चरण खांडिया की अध्यक्षता में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन का संचालन यूनियन के सचिव कृष्ण चिंडालिया ने किया। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खंडिया ने नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा रोहतक कर्मचारी भवन में 11 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने का ऐलान करते हुए कहा कि नगर निगम कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा मुख्यमंत्री के आवास पर कुरुक्षेत्र में 18 अगस्त को किए जाने वाले प्रदर्शन में भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उपाध्यक्ष कमला, जिला के प्रधान दलीप बोहत, कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार व जिला सचिव अनिल चिंडालिया सर्व कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह बालगुहेर, महिला राज्य सब कमेटी की राज्य नेता सुरेश देवी, ललिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

प्रदर्शन में अन्य के अलावा कर्मी नेता दर्शन सोया, रघुवीर चौटाला, महेंद्र कुडिया, शिवकुमार, प्रेमपाल, श्रीपाल मौर्य, धर्म सिंह मुल्ला, प्रेमपाल, राजवीर, देवी सिंह मंझावली, देवी चरण शर्मा, रामरतन कर्दम, जीतराम गोला, ज्ञानवती, कमला, शुकन्तला, रोशनी, सीता, माया, राजवती, नीतू, रोशनी, कमलेश आदि ने भी भाग लिया।

# जिला में 11 अगस्त को होगी नीट (पीजी) 2024 की परीक्षा : उपायुक्त

समाचार गेट/ओमप्रकाश पंचाल

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि नीट(पीजी) 2024 का आयोजन राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड द्वारा 11 अगस्त 2024, रविवार के दिन किया जा रहा है। नीट(पीजी) 2024 परीक्षा देशभर के 169 शहरों के 376 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 09:00 से 12.30 बजे तक चलेगी, वहीं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा का आयोजन दोपहर 03:30 से शाम 07:00 बजे तक किया जाएगा।

सुबह की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र में एंट्री प्रातः 07 बजे से तथा दोपहर की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र में एंट्री 01:30 बजे से होगी।

# युवाओं को गुमराह न कर एचएकेआरएन को भंग करते हुए सरकारी पे स्केल पर पक्की नौकरी दे सरकार: कुमारी सैलजा

**कांग्रेस की सरकार आने पर एचकेआरएन को भंगकर युवाओं को दी जांएगी पक्की नौकरी**

**विधानसभा चुनाव को देखते हुए जुमलेबाजी सरकार ने युवाओं में छोड़ा एक और जुमला**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जुमलेबाज सरकार के पास जनता को देने के लिए झूठे आश्वासन, झूठी घोषणाओं के सिवाय कुछ भी नहीं हैं, विधानसभा चुनाव आते देख अपने तरकश में जितने भी झूठे बाण है सब छोड़े जा रहे है, सरकार जनता को गुमराह नहीं कर सकती, जागरूक जनता ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में ट्रेलर दिखा दिया है। कच्चे कर्मचारियों को 58 साल तक नौकरी की सुरक्षा की गारंटी देकर फिर गुमराह कर रही है, अच्छा होता कि सरकार एचकेआरएन को भंग करते हुए कर्मचारियों को जो जहां जिस पद पर है, पक्का करते हुए सरकारी पे स्केल लागू करती, इसमें सरकार ने दोहरी चाल चली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर एचकेआरएन को भंगकर युवाओं का पक्की नौकरी दी जांएगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जब से नए मुख्यमंत्री ने कुर्सी संभाली है वे नित नई घोषणाएं करते जा रहे है, पूर्व में सीएम द्वारा की गई घोषणाओं पर सरकार ने कितना अमल किया इस पर भी श्वेत पत्र जारी किया जाए ताकि पता चल सके की सरकार घोषणाओं को किस प्रकार पूरा करती है। भाजपा की पहचान आज झूठी घोषणाएं करने वाली सरकार के रूप में की जाती है तो कुछ इसे जुमलेबाज सरकार भी कहने लगे है। उन्होंने कहा कि कल सीएम ने एक ओर नहीं घोषणा करते हुए कच्चे कर्मचारियों को 58 साल तक नौकरी की सुरक्षा की गारंटी दी है। सरकार फिर युवाओं और कर्मचारियों को गुमराह कर रही है, अच्छा होता कि सरकार एचकेआरएन को भंग करते हुए कर्मचारियों को जो जहां जिस पद पर है, पक्का करते हुए सरकारी पे स्केल लागू करती, इसमें सरकार दोहरी चाल चली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर एचकेआरएन को भंगकर युवाओं का पक्की नौकरी दी जांएगी। सरकार को कर्मचारियों को समान दृष्टि से देखना चाहिए, सरकार ने जो घोषणा की है उसमें पुराने कर्मचारियों को ज्यादा तवज्जो की गई है, सरकार ने इसके लिए भी लेबल तय किए है कि पांच साल की सर्विस वाले को पांच प्रतिशत अतिरिक्त मानदेय, आठ साल सर्विस वाले को आठ प्रतिशत और दस साल वाले को 10 प्रतिशत अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। पांच साल से कम सर्विस वालों को इस लाभ से क्यों वंचित रखा गया है। दूसरी सरकार ने इस लाभ से एनएचएम कर्मचारियों को दूर रखा है ऐसे में उनका क्या कसूर है वे भी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। उनकी भी सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए सभी कर्मचारी एक समान है तो उनके साथ व्यवहार भी समान रूप से होना चाहिए, समान काम समान वेतन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक ही काम के दो अलग अलग वेतन निर्धारित करना कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी है।

**हरियाणा के लाल ने एक बार फिर से कर दिया कमाल**

कुमारी सैलजा ने कहा कि नीरज चोपड़ा ने लगातार अपने दूसरे ओलंपिक में देश के लिए सिल्वर मेडल अर्जित किया है,ऐसा कर हरियाणा के लाल ने एक बार फिर से कर कमाल कर दिया है। नीरज की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देश को गर्व है, आज के ? युवाओं के लिए आप प्रेरणास्रोत हो, बहुत -बहुत बधाई सभी देशवासियों को।

कुमारी सैलजा 11 अगस्त दिन रविवार सुबह 10 बजे नारनौंद हिसार की अनाजमंडी में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। वे कांग्रेस की नीतियों से जनता को अवगत करवाएंगी। भाजपा सरकार किस प्रकार जनता को गुमराह कर रही है इससे पर्दा हटाया जाएगा।

# बाल भवन में हुआ प्रदर्शनी का आयोजन

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, चंडीगढ़ के निर्देशन में जिला बाल कल्याण परिषद्, फरीदाबाद द्वारा बाल भवन प्रांगण में विभिन गतिविधियाँ संचालित है। जिसमें मूक बधिर केन्द्र, प्ले स्कूल, डे केयर सेण्टर, सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केन्द्र, बाल गृह इत्यादि। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार उक्त गतिविधियों कि जानकारी आम जन मानस तक पहुचाने के उद्देश्य के लिए जिला बाल कल्याण परिषद्, फरीदाबाद द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डा० सुषमा गुप्ता, मानद महासचिव, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् रही। मुख्य अतिथि का स्वागत पिंकी, जिला बाल कल्याण अधिकारी, फरीदाबाद द्वारा किया गया। जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान मुख्य अतिथि ने अध्यापको व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त कि साथ में नन्हे मुन्ने बच्चों से भी उनका परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सैंट जोन्स स्कूल, सेक्टर-7, फरीदाबाद के बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आइडियल पब्लिक स्कूल, लक्करपुर, फरीदाबाद के बच्चों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अरुणा अरोरा, स्पेशल टीचर व श्रीमती भारती शर्मा, लेक्चरर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् बाल कल्याण के क्षेत्र में निरंतर बेहतरीन कर रही है। मंच का संचालन उदय चन्द, लेखाकार द्वारा किया गया। अनिल मोरवाल कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बिजेंदर सोरौत, सचिव, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी; लाखन सिंह लोधी, संजीव सैन, साहिल नम्बरदार, अरुणा अरोरा, पुष्पा शर्मा, भारती शर्मा, अंजू यादव, जे पी कौशिक, गीता सिंह, शिजू सेबेस्टियन को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण परिषद् से सभी स्टाफ मांगेराम, सुमित शर्मा, राधा लखानी, सुमन, मीनू शर्मा, सुनीता, मनीषा, इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# नागरिकों की समस्याओं के निवारण में सार्थक साबित हो रहे समाधान शिविर

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों के संग समाधान शिविर का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 24 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 04 शिकायत का मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत दी गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक शिकायत पर पूरा फोकस किया जा रहा है व तत्परता के साथ समाधान किया जा रहा है। पूरा प्रशासन बेहतर तालमेल बनाकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में विशेषतौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्वामित्व रजिस्ट्री, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर जिला में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में त्वरित समाधान होने से खुश लोग हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। समाधान शिविर में एडीसी डॉ आनंद शर्मा, डीसीपी उषा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, रेवेन्यू से जितेंद्र, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह डागर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिसौदिया को जमानत न्याय की जीत : उमेश अग्रवाल



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को सत्रह महीने बाद सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत को न्याय की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत के बाद बनीष सिसौदिया को जमानत मिलने से पार्टी काडर को मजबूती मिलेगी।

गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि मनीष सिसौदिया से जांच एजेंसियां कुछ भी बरामद नहीं कर पाई जिससे उन्हें दोषी ठहराया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिक्षा को आंदोलन का रूप देकर बच्चों को बेहतर शिक्षा का इंतजाम करने वाले दिल्ली शिक्षा मंत्री मनीष सिसौदिया को जमानत मिलने से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी एक नए विश्वास के साथ खुश होंगे।

श्री अग्रवाल ने पार्टी मुखिया एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत होने तक श्री सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का काफिला तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों जुझारु नेताओं की अगुवाई में हरियाणा में पार्टी को न केवल मजबूती मिलेगी बल्कि शीघ्र ही होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित होने में मद् मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं की तरह ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जल्दी ही जेल से बाहर होंगे और आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगे सभी आरोप निराधार साबित होंगे।

# स्मार्ट सिटी में आवारा कुत्ते लोगों को बना रहे है शिकार

**वर्ष 2023 में 12,149 और 2024 में 16,012 लोगों ने बीके में लगवाएं रेबिज के इंजेक्शन**

**शहर में रोजाना तीन सौ से अधिक लोग हो रहे आवारा पशुओं का शिकार**





समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करने वाले नगर निगम के पास आवारा कुत्तों से निपटने का कोई इंतजाम नहीं है। जिसके कारण पूरे शहर में आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। आवारा कुते हर रोज शहर में सैंकड़ों लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इनका शिकार बनने के बाद जब पीड़ित इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचता है तो वहां भी रैबिज के टीकों का हमेशा अकाल पड़ा रहता है। फरीदाबाद जिले की सड़कों में घूमने वाले आवारा कुत्तों की संख्या करीब 30 से 40 हजार बताई जा रही हैं। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम ने आवारा कुत्तों को रखने के लिए कोई शेलटर आदि बनाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की।

## करीब 300 ज्यादा लोग रोज होते शिकार

कुत्तों के हमले का शिकार होने के बाद हर रोज करीब 200 के आसपास लोग रैबिज के इंजेक्शन लगवाने के लिए बीके अस्पताल, बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल समेत स्वास्थ्य केन्द्रों व ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में जाते हैं। अनुमान है कि इससे करीब दो गुणा मरीज निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में रैबिज के टीके लगवाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आवारा कुत्तों के काटने की समस्या जिले में कितनी गंभीर होती जा रही है। लेकिन नगर निगम और सरकार इस मामले को लेकर जरा भी गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## ठंडे बस्ते में डाल दी आवारा कुत्तों का शैलटर बनाने की योजना

शहर के लोगों को आवारा कुत्तों से मुक्ति दिलवाने और कुत्तों को आश्रय देने के इरादे से करीब 17 साल पहले शहर के किसी बाहरी हिस्से में शैलटर बनाने की योजना बनाई थी। जहां आवारा कुत्तों के रहने, भोजन और इलाज की व्यवस्था की जानी थी। लेकिन इस योजना को नगर निगम के अधिकारियों ने अमलीजामा पहनाने के लिए कोई कवायत नहीं की। जिसके बाद निगम अधिकारियों ने धीरे धीरे इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसके कारण शहर की सड़कों पर लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती चली गई।

## ब्रीडिंग सीजन में ज्यादा काटते है कुत्ते

पशुओं के डॉ. अमित कुमार ने बताया कि आवारा कुत्ते एक निश्चित इलाके में रहते है। इस इलाके में वे किसी बाहरी व्यक्ति को देख कर खुद को असुरक्षित महसूस करते है और हमला कर देते है। वैसे यह मौसम कुत्तों का ब्रीडिंग सीजन होता है। इस मौसम में कुत्तों में टेस्टोस्ट्रोन हरमोंस का लेबल बढ़ जाता है। जिससे उनका स्वभाव पहले के मुकाबले उग्र हो जाता है। यदि कुत्ते अपने इलाके के लोगों पर ही हमला करते है तो उनके खाने में 10 एमजी की डायजापाम दवा मिला कर खिलाई जा सकती है। यह दवा उनके स्वभाव से उग्रपन को कम कर देती है। यदि किसी इलाके के लोगों को कुत्तों से ज्यादा परेशानी हो रही है तो वे चाहे तो अपने स्तर पर निजी डाक्टर से वधिकरण करवा सकते है।

## रहता है रैबिज के टीकों का अभाव

बीके अस्पताल और अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में रैबिज के टीकों का अक्सर अभाव बना रहता है। गत वर्ष 2023 में मार्च से जून यानि चार माह तक रैबिज के टीके समाप्त थे। इसके बाद जुलाई माह में इंजेक्शन आए। ऐसे में वर्ष 2023 में 12 हजार 149 लोगों को बीके सिविल अस्पताल में टीके लगाए गए। वहीं वर्ष 2024 की बात करें, तो जनवरी से जुलाई माह तक ही 16 हजार 12 लोगों को बीके सिविल अस्पताल में टीके लगाए गए। ऐसे में अन्य अस्पतालों और पांच से आठ हजार की ओपीडी वाले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में कितने लोग रैबिज के इंजेक्शन लगवाने आते होंगे, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल होगा।

# जूनियर डॉक्टरों ने ईएसआई अस्पताल में किया प्रदर्शन

### डीन डॉ. एके पांडे बोले– एक मांग ठीक, बाकि बेबुनियाद



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** केन्द्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे एनएच तीन संचित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में पीजी स्टुडेंटों ने शुक्रवार को हड़ताल शुरू कर दी। उनका आरोप था कि बृहस्पतिवार को उनके कमरों में अचानक 20 से 25 लोगों ने आकर जांच करना शुरू कर दिया। जिससे सभी स्टुडेंटस डर गए, उन लोगों से जब बात की गई, तो उन्होंने पहले तो कुछ नहीं बताया और बाद में कहा कि वह कमरों में जांच करने आए है। वहीं उनका कहना है कि उन्हें पैसे भी कम दिए जा रहे है, हर माह उनकी तनख्वाह से पैसे काटे जा रहे है। ऐसे में जब डीन एके पांडे से जूनियर डॉक्टरों की मांगों को लेकर बातचीत की, तो उन्होंने कहा कि एक मांग ही जायज है, बाकि बेबुनियाद है, उनका कहना है कि टीम बनाकर जांच के आदेश उन्होंने दिए थे, जिसके लिए सप्राइज विजिट की जाती है, कि स्टुडेंट्स के कमरों में कुछ अनैतिक गतिविधिया तो नहीं चल रही है। ऐसे में अन्य मांगों के लिए स्टुडेंट्स को डीजी के पास जाना चाहिए।

ये है पूरा मामला: डॉ मोहित मावी ने बताया कि धरने पर बैठे सभी चिकित्सक पीजी स्टुडेंट्स हैं, उन्होंने बताया कि उनके संग डीन मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को सब लोग ड्यूटी करके रूमों में पहुंचे, तो उसके कुछ देर बाद ही करीब 25 लोगों की टीम उनके कमरों में पहुंच गई, जोर जोर से गेट बजाने शुरू कर दिए। इस दौरान सभी डर गए, आनन फानन में गेट खोला, तो अचानक से सभी उनके कमरों में एक संग घुस गए, ऐसा ही महिला डॉक्टरों के कमरों में भी हुआ। जिस पर उक्त टीम के सदस्यों से पुछा गया, तो उन्होंने वीडियों बनाते हुए एसी के कनैक्शन काट गए। विरोध किया, तब जाकर उन्होंने बताया कि वह सप्राइज विजिट करने आए है, ऐसे में उनका कहना है कि हमें बताया ही नहीं गया और यदि सप्राइज विजिट भी तो उक्त टीम ने कमरे में घुसने से पहले भी नहीं बताया, ऐसे में कहासुनी होने पर उन्होंने बताया। ऐसे में सभी जूनियर डॉक्टरों में रोष है और उनका कहना है कि टीम के सदस्यों को उन सभी से माफी मांगनी होगी। वहीं दूसरी तरफ हर माह जो पैसे काटे जा रहे हैं, उनका भी हिसाब देना होगा, इसके अलावा अन्य जो भी मांग उन्होंने की है, उन्हें पूरा किया जाए। वहीं जब उनसे पुछा गया कि क्या डीन को पहले हड़ताल के बारे में बताया गया था, तो उन्होंने कहा कि पत्र उन्होंने 12 घंटे पहले अपने उच्च अधिकारियों को रात को दिया था।

## डीन का कथन:



ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ एके पांडे ने कहा कि उन्होंने टीम को सप्राइज विटिज के लिए भेजा था। उन्होंने कहा कि एसी के कनेक्शन इसलिए काटे गए है, क्योंकि एसी से कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है। उन्होंने कहा कि उन्हें कमरों में अनैतिक गतिविधियों की भी सूचना थी, जिस पर आदेश आने पर उन्होंने सप्राइज विजिट के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि बाकि मांगे उनके हाथ में नहीं है वहीं उन्होंने कहा कि मांगपत्र उन्हें मिला है, वह सुबह मिला है, जिस पर एक टीम का गठन किया है, जिसमें वार्डन सहित पांच चिकित्सकों की टीम गठित की है, वह हड़ताली चिकित्सकों से बातचीत करके मामले को सुलझाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि स्टुडेंटों को भड़कने और हड़ताल पर जाने से पहले उनसे बात करनी चाहिए थी, ऐसे में आज की हड़ताल में शामिल सभी चिकित्सकों का अवकाश लगाया जाएगा।

# एनएचएम हड़ताल से तमाम सेवाएं बंधित, मरीज परेशान

### अधिकारी कर रहे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** रोजी-रोटी के हत्यारो को-मार सको तो गोली मारो। रोजी-रोटी दे न सके जो, वह सरकार निक्कमी है, जो सरकार निक्कमी है वह सरकार बदलनी है। कुछ ऐसे ही वाक्य शहर के सबसे बड़े बादशाह खान सिविल अस्पताल परिसर में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के 15वें दिन सुनने को मिले। इस मौके पर जब कर्मचारियों से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें पक्का नहीं कर दिया जाएगा, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। वहीं उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को जिस गर्भवती महिला की डिलीवरी ऑटो में हुई है, इसकी जिम्मेवार सरकार है, यदि उन्हें पक्का कर देती, तो उक्त गर्भवती महिला को एम्बुलेंस समय पर मिल गई होती। उन्होंने कहा कि अपातकालीन कक्ष में मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। डिस्पेंसरी बंद होने के कारण मरीज बीके सिविल अस्पताल का रूख कर रहे है, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों की कम संख्या के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हम मजबूर है कि हम लोगों की सेवा नहीं कर पा रहे है।

# फरीदाबाद पहुंची ओलिंपियन मनु भाकर



मनु भाकर का स्वागत करते आरडब्ल्यूए के सदस्यगण: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** एक ही ओलिंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर बीती देर रात फरीदाबाद पहुंची। स्वागत के लिए लोगों की मनु भाकर की सूरजकुंड इबीजा सोसायटी में भीड़ लग गई। सोसायटी के आरडब्ल्यूए की ओर से मनु का अभिनंदन समारोह किया गया। इबीजा सोसायटी में मनु के स्वागत के लिए जगह-जगह बोर्ड लगाए गए। सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान कैप्टन सुरेश उपाध्याय ने कहा कि बृहस्पतिवार को अभिनंदन समारोह किया गया। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में पहुंचने पर मनु भाकर का सोसाइटी के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। मनु के साथ सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी रही। इससे पहले उनको फूलों की मालाएं पहनाई गई।

बता दें कि मनु भाकर देर रात करीब 10:30 बजे अपने माता-पिता और भाई के साथ दिल्ली से फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित ईबीजा सोसाइटी में अपने घर पहुंची। सोसाइटी की आरडब्ल्यूए और लोगों द्वारा मनु के स्वागत की तैयारी दो दिन पहले से ही की हुई थी। सोसाइटी के लोगों में मनु के आने का खासा उत्साह देखने को मिला।

गेट से ही मनु का स्वागत करते हुए लोग सोसाइटी के क्लब तक ले गए। वहां मनु का लोगों ने फूल मालाओं के साथ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

मनु भाकर की मां सुमेधा भाकर और पिता रामकिशन, भाई अखिल भी साथ थे। मनु भाकर ने लोगों के इस प्यार को देखकर कहा आज उसे जो मुकाम मिला है, माता-पिता के आशीर्वाद और लोगों के प्यार से मिला है। सोसाइटी में लोगों के स्वागत के बाद मनु अपने घर गई और कुछ देर बाद फिर से दिल्ली के लिए निकल गई।

# बीजेपी ने विनेश फोगाट मामले को पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना तरीके से संभाला : राजेंद्र शर्मा

### विनेश फौगाट के समर्थन में सडकों पर उतरी आम आदमी पार्टी



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को पूरे प्रदेश में विनेश फोगाट के समर्थन में सड़कों पर उतरी और उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई। इसी कड़ी में फरीदाबाद में भी जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनेश फोगाट के समर्थन में सडको पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर संगठन मंत्री पंडित राजेंद्र शर्मा ने कहा कि विनेश फोगाट मामले को बीजेपी सरकार ने पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना तरीके से संभाला। इससे पता चलता कि बीजेपी हरियाणा के लोगों से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार हरियाणा के लोगों से नफरत करती है। जब हरियाणा की बेटी विनेश देश के लिए गोल्ड मेडल के लिए बढ़ रही थी, तो लोग सिल्वर मेडल जीतने की बधाइयां दे रहे थे। लेकिन, मोदी जी की तरफ से कोई बधाई का संदेश नहीं आया। न ही हरियाणा के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेताओं का कोई संदेश नहीं आया। उन्होंने कहा कि पूरे देश को पता था कि विनेश फाइनल में पहुंचने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। लेकिन, बीजेपी नेताओं को शायद ये पता था कि कुछ और होने वाला है। हमें ये बाद में पता चला कि 100 करोड़ लोगों के देश को 100 ग्राम की साजिश में उलझा दिया गया। जिला अध्यक्ष कुंवर हरेंद्र भाटी ने कहा कि उन्होंने कहा कि जिस तरीके का बीजेपी सरकार का बेटियों के साथ व्यवहार रहा है। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ना तो इन बेटियों के साथ जंतर मंतर पर खड़ी हो पाई, ना ही ओलंपिक में अत्याचार हुआ वहां खड़ी हो पाई। इस पूरे मामले में बीजेपी की केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने जनता को निराश किया है। अभी भी सीएम कह रहे हैं वही सम्मान मिलेगा जो सिल्वर मेडलिस्ट को मिलता है, विनेश ने पूरी दुनिया और देश का दिल जीता है। वो हमारी नजरों में गोल्ड मेडलिस्ट से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि ये हमेशा याद रखा जाएगा, कैसे ओलंपिक में विनेश फोगाट से उनका गोल्ड साजिश करके छीन लिया गया। हम सब इस मुश्किल घड़ी ने विनेश फोगाट और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। हम और आम आदमी पार्टी उनकी लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को भी फर्जी केस बनाकर जेल में डाल दिया है। बीजेपी हरियाणा के लोगों और हरियाणा की तरक्की से नफरत करती है। हरियाणा के लोगों को जुमलों में फंसा कर रखना चाहती है जो हरियाणा के लोगों को मंजूर नहीं है। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष अमन यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जब तक मांग नहीं होंगी पूरी तब तक चलेगी एड्स कर्मियों की हड़ताल

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जान जोखिम में डाल करते है काम लेकिन सरकार हमारी तरफ जरा भी नहीं सोचती। यह बातें बीके सिविल अस्पताल में पिछले नौ दिनों से हड़ताल पर बैठे एचआईवी विभाग के कर्मचारियों ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों से स्लम इलाकों तक के मरीजों को खोजने तक के आदेश तो कर रही है, जिसके तहत कर्मचारी मरीजों के घरों तक में जाकर उनकी जांच के साथ ही सैम्पल तक लेते है। ऐसे में मात्र दस्ताने से ही बचाव नहीं होता, कर्मचारियों की जान का भी खतरा रहता है। क्योंकि एचआईवी वायरस जानलेवा होता है, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार उनके व उनके परिवार की तरफ ध्यान ही नहीं दे रही है। सालों से उनकी मांगों पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। हरियाणा व केन्द्र सरकार के बीच वह फंसकर रह गए है। अब यह हड़ताल तब ही समाप्त होगी, जब उनकी मांगे पूरी हो जाएगी।

## कर्मी की मौत का मुआवजा देगा विभाग, किया अंतिम संस्कार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बिजली विभाग में तैनात सहायक लाइन मैन की मौत होने पर बिजली कर्मचारियों ने जमकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की थी। जिसमें उन्होंने जबरन काम करने और बिना तनख्वाह के काम करवाने के बाते बताई थी। जिस पर बिजली विभाग बल्लभगढ़ के एक्सइन संजय मंगला ने उच्च अधिकारियों से बातचीत की, तो विभाग के उच्चाधिकारियों ने मृतक कर्मचारियों के परिवार को मृतक की बकाया 18 माह की सैलरी देने का भरौसा दिया। एसएसबी वर्कर यूनियन को भी भरौसा दिया, जिस पर परिजन भी मान गए। वहीं उन्होंने 50 लाख मुआवजे के रुपये दिलवाने के कागजात भी जमा कर एक माह के भीतर दिलवाने का आश्वासन दिया। यूनियन को भरौसे में लेकर और यूनियन के नेताओं से विश्वास जमाकर अपनी बात को रखते हुए मृतक के परिवार को एक माह का अतिरिक्त समय लेकर बकाया भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद यूनियन के नेताओं व मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम होने दिया और उसके बाद सहायक लाइन मैन मृतक मनोज के शव का अंतिम संस्कार उनके मूल निवास स्थान सोहना में किया गया। वहीं दस लाख रुपये का चैक देने का भी आश्वासन दिया है, अंतिम संस्कार का खर्च भी देने का आश्वासन उन्होंने दिया है।

## संपादकीय

# पडोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन से बढ़ती चिंता




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा?

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है।

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं।

नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है।

# मोना श्रीनिवास ने बड़खल झील पुनर्जीवन परियोजना का किया संयुक्त निरीक्षण

**समाचार गेट/कविता**



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह नगर निगम की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवासन ने शुक्रवार को नगर निगम फरीदाबाद व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बड़खल झील पुनर्जीवन परियोजना के कार्य का निरीक्षण किया। ए. मोनस श्रीनिवास ने साइट निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण करते हुए परियोजना की घटकवार प्रगति की समीक्षा की व अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना का कार्य कर रहे ठेकेदारों को समय पर काम पूरा करने के लिए आदेश दिए। सीईओ स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने परियोजना कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं और मुद्दों की भी बारीकी से समीक्षा की और मुख्य अभियंता स्मार्ट सिटी को परियोजना की समस्याओं और प्रगति के संबंध में दैनिक बैठकें बुलाने का निर्देश दिए। जिससे कि यह कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर डिप्टी सीईओ एफएससीएल हरी राम, मुख्य अभियंता एफएससीएल, तकनीकी सलाहकार, उपमहाप्रबंधकों सहित पीएमसी टीम उपस्थित रही।

# समस्याओं से निगमायुक्त को कराया अवगत : हरिंदर भाटी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा जनता कॉलोनी की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष हरिंदर भाटी पहुंचे नगर निगम कार्यालय। उनके साथ नरेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी, हरजिंदर सिंह, राम गोर, सचिन चौधरी, आरडब्ल्यूए प्रधान काले सिंह, समाजसेवी प्रीतपाल ने न्यू जनता कॉलोनी की समस्याओं को लेकर नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरिंदर भाटी ने बताया की प्याली से लेकर सारन तक जो रोड बनाने का कार्य चल रहा है वह डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया लेकिन अभी तक एक तिहाई कार्य भी पूरा नहीं हुआ। जिसकी वजह से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है एक साइड का रोड पूरी तरह से बंद है। उन्होंने बताया मंदिर के पुजारी जो राज्य मंत्री के खास हैं पर जब कुछ अज्ञात लोगों ने हमला किया था तो प्याली चौक पर लोगों ने जाम लगाया था और सिर्फ एक तरफ की रोड चालू होने की वजह से कई घंटे तक जाम लग रहा। जिसकी वजह से आमजन स्कूल जाने वाले बच्चों मरीज को बहुत सुविधा हुई अगर इस रोड का कार्य समय पर पूरा कर दिया जाता तो बल्लभगढ़ विधानसभा के लोगों को यह असुविधा न होती।

हरिंदर भाटी ने जनता कॉलोनी की सीवर और पानी की समस्याओं को लेकर भी नगर निगम को चेताया कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता तो आम आदमी पार्टी एक विशाल प्रदर्शन करेगी, लेकिन एडिशनल निगम आयुक्त ने उन सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। नरेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता हरजिंदर मेहंदी रत्ता, राम गोर, सचिन चौधरी ने एनआईटी विधानसभा और बडकल विधानसभा की समस्याओं को लेकर भी निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया कुछ समय पहले सारन स्कूल से लेकर पर्वतीय कॉलोनी तक रोड बनाया गया था जो की 6 महीने में ही टूटने लगा उसको लेकर निगम आयुक्त ने बताया कि अधिकारी या ठेकेदार पर कार्यवाही होगी और या तो रोड को दोबारा बनाया जाएगा या उसकी मरम्मत की जाएगी।

# विप्र फांडेशन 11 को करेंगी ऐतिहासिक ब्राह्मण सम्मेलन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**




**बल्लभगढ़।** सैक्टर-02 स्थित तिरंगा भवन कार्यालय पर विप्र फाउंडेशन फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष संजय वशिष्ठ की अध्यक्षता में आगामी 11 अगस्त को पंजाबी भवन सैक्टर-16 में विप्र सम्मेलन आयोजित किए जाने के संबंध में प्रेस वार्ता बुलाई गई। विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष संजय वशिष्ठ ने बताया कि (विप्र परिवार) विप्र फाउंडेशन फरीदाबाद की ओर से रविवार 11 अगस्त 2024 को ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समस्त विप्र समाज आपसी एकता का परिचय देते हुए ब्राह्मण भाईयो एवं रिश्तेदारों को सम्मेलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस सम्मेलन में विप्र समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज जी बतौर मुख्यअतिथि व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुनील शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। पूरे प्रदेश भर से विप्र समाज के प्रबुद्ध जन सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। सम्मेलन का आयोजन पंजाबी भवन सेक्टर-16 फरीदाबाद में शाम साढे 4 बजे से शुरू होगा। जहां विप्र फांडेशन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रेस वार्ता में मौजूद विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष संजय वशिष्ठ ने बताया कि ब्राह्मण का इतिहास स्वर्णिम है। देश की आजादी में भी ब्राह्मण का अहम योगदान है। समाज को आज दोहरी जिम्मेवारी निभानी है। इस मौके पर बालकिशन वशिष्ठ, महामंत्री युवा विप्र उमेश कौशिक, पारस भारद्वाज, गिरीश भारद्वाज, रविप्रकाश शर्मा एडवोकेट, चंद्रभूषण शर्मा एडवोकेट, टेकचंद शर्मा, सोनू शर्मा, विवेक वशिष्ठ, देव वशिष्ठ, संतराम वशिष्ठ, दिनेश शर्मा, डॉ अंकुश भारद्वाज आदि प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

# कच्चे कर्मचारी पक्के होने से कम पर संतुष्ट नहीं: सुभाष लांबा

**सेवा सुरक्षा का फैसला रेगुलर होने की मांग को कमजोर करने व रिटायरमेंट तक कच्चे रखने की योजना का हिस्सा**

**50 हजार से ज्यादा सेलरी प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को बाहर रखना अन्यायपूर्ण कदम**



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत अनुबंध कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार के दावे अनुसार आऊटसोर्सिंग पालिसी भाग एक व भाग दो तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगे लगभग 1.20 लाख अनुबंध कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक सेवा सुरक्षा प्रदान की गई है। लेकिन सालों से विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं व यूनिवर्सिटी में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की मांग सेवा सुरक्षा की बजाय पालिसी बनाकर पक्का करने की रही है। सरकार की घोषणा से कच्चे कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं और उनमें सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ी है। आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा ने फैसले का अध्ययन करने उपरांत मुख्यमंत्री की घोषणा पर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीने से राज्य में ठेका कर्मियों को रेगुलर करने का शोर मचा हुआ था। लेकिन सरकार की घोषणा खौदा पहाड़ निकली चुहिया जैसी निकली है। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को कमजोर करने व उन्हें रिटायरमेंट तक कच्चे व कम वेतन देने की योजना का हिस्सा है। जिसको किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबरों के अनुसार 50 हजार से ज्यादा वेतन लेने वाले कर्मचारियों और एनएचएम व आईसीडीएस आदि जैसी केन्द्रीय परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों तथा पार्ट-1, पार्ट-2 व हरियाणा कौशल रोजगार निगम से अलग कार्यरत कर्मचारियों को अलग छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भी केन्द्र एवं राज्य कर्मचारी संगठन सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों व विश्वविद्यालयों एवं केन्द्रीय परियोजनाओं में कार्यरत सभी प्रकार के अनुबंध, कैजुअल, दैनिक वेतनभोगी, आउटसोर्स, संविदा कर्मचारियों को रेगुलर करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहां तक सीएम की घोषणा का सवाल है तो सरकार आउटसोर्स एवं एचकेआरएन कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक्ट लाएगी। उन्होंने कहा कि एक्ट कब लाएगी, एक्ट विधानसभा में लाया जाता है लेकिन विधानसभा का सत्र बुलाने पर चुप्पी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कैबिनेट ने भी अगस्त-सितम्बर 2014 में पंजाब के समान वेतन देने व रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाकर 60 साल करने आदि अनेक घोषणाएं की थी। जो आज तक लागू नहीं हो पाई है। इसके अलावा 2014 में पूर्व कांग्रेस सरकार ने रेगुलराइजेशन की तीन पालिसी भी बनाई थी। जिसमें 4654 कर्मचारी रेगुलर हुए थे। जिसको सरकार द्वारा मजबूत पैरवी न करने के कारण हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। उन्होंने सवाल किया कि जब रेगुलर भर्ती होगी तब इन ठेका कर्मचारियों का क्या होगा, क्योंकि यह ठेका कर्मचारी स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध लगाए हुए हैं। फैसले से स्पष्ट दिखाई देता है कि है कि सरकार भविष्य में रेगुलर भर्ती करने की बजाय ठेके पर ही कर्मचारी रखेगी। ताकि न पूरा वेतन देना पड़े और न ही रिटायरमेंट पर पेंशन व डीसीआरजी न देना पड़े। उन्होंने कहा कि रेगुलराइजेशन होने तक इन कर्मचारियों को पे स्केल का बेसिक वेतन की बजाय समान कामए समान वेतन मिलना चाहिए।

# धूमधाम से मनाया गया मारवाड़ी युवा मंच ने तीज महोत्सव



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद एवं स्टाफ क्लब जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के संयुक्त समाधान में वाईएमसीए ऑडिटोरियम सेक्टर 6 में तीज कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी एमपी रुंगटा, विशिष्ट अतिथि आर.सी खंडेलवाल, महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग चेयरपर्सन प्रवीण जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत, मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने की अतिथियों का सम्मान दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थानी, हरियाणवी, गायन, मिमिक्री आर्टिस्ट के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा समाज के मेधावी बच्चों को आए हुए अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रेनू भाटिया ने बताया कि तीज महोत्सव महिलाओं के लिए एक विशेष पर्व है। जिसमें वह अपने सुहाग की लंबी आयु, सुख समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती है और भगवान शिव और पार्वती की पूजा करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ क्लब जेसी बोस यूनिवर्सिटी से अंजू गुप्ता एवं अध्यक्ष विमल खंडेलवाल, सचिन निकुंज अग्रवाल, कार्यक्रम के संयोजक महेश लोचिब, भारत बेगवानी, विनीत अग्रवाल, दीपिका शर्मा, विनीत शर्मा, खुशबू अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कमल गुप्ता, अरिहंत जैन, संजय गोयल, नारायण शर्मा, रोहतास कुमार, उर्मिला खंडेलवाल, संगीता महेश्वरी, नवीन शर्मा, शिक्षाविद् विजयवंती, श्रीराम अग्रवाल, मधुसूदन माटोलिया, जीवन गर्ग, जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# हर व्यक्ति 10 पौधे लगाकर करें उनकी देखभाल : नरेंद्र गुप्ता



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल धर्मशाला सोसायटी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर-19 महाराजा अग्रसेन भवन के नजदीक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने विधायक नरेन्द्र गुप्ता का स्वागत किया और संस्था की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक पौधा मां के नाम जो मुहिम शुरू की गई है, उसका परिणाम है कि आज लोग बढ़-चढ़ कर पौधारोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को 10 पौधे लगाने का संकल्प लेते हुए उन पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष महेश आर्य, अनिल चांदीवाले उपप्रधान, रामकिशोर अग्रवाल उपप्रधान, विष्णु गोयल सचिव, मनोज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, विमला ग्रोवर आर्य समाज सैक्टर.19, ए.आर. वोरा, सुनील कुमार प्रधान आरडब्लयुए सैक्टर-19, एसएस शर्मा प्रधान वरिष्ठ नागरिक मंच, प्रहलाद गर्ग, नरेश अग्रवाल, आरके गोयल, करण सिंगला, सुरेश आर्य, शिव मंगला, टोनी पहलवान, सुनील कुमार, रमेश प्रधान, जेएम शर्मा, सतीश ठक्कर, कुलदीप सिंघल आदि ने विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ अनेक पौधे लगाए।

# धूमधाम से मनाया युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के 64वां स्थापना दिवस युवा कांग्रेस फरीदाबाद ग्रामीण के जिलाध्यक्ष चुन्नू राजपूत की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां बल्लभगढ़ में युवा कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम पौधारोपण किया, वहीं ध्वजारोहण करके देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुषों को नमन किया और समाज में एकता व भाईचारा बढ़ाने की शपथ ली। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए चुन्नू राजपूत ने कहा कि देश की आजादी से लेकर आज उन्नत भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, कांग्रेस का युवा संगठन भी कंधे से कंधा मिलाकर देश व समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है। चुन्नू राजपूत ने कहा कि युवा संगठन ने बीते छह दशकों में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है और आगे भी युवा कांग्रेस मजबूत स्तम्भ के रुप में पार्टी के साथ जुडकर उन्नत भारत निर्माण में अपना योगदान देती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मोहन ढिल्लो, प्रदेश महासचिव गौतम पराग, प्रदेश सचिव इकबाल कुरैशी, रविन्द्र जिला उपाध्यक्ष, रविन्द्र भड़ाना, श्याम अरोड़ा, बिरजू पंडित, विनय यादव, हर्षद भाटिया, रजत मल्होत्रा, रणवीर सिंह अनेकों युवा कांग्रेस नेतागण मौजूद थे।

# वर्कओवर लोड के तले दबे हुडा कर्मचारियों ने की हड़ताल



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** वर्क ओवरलोड की मार झेल रहे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारी आज हड़ताल पर चले गए। वर्क ओवर लोड की वजह से एक कर्मचारी को तो हृदय आघात लग चुका है। कर्मचारियों ने विरोधस्वरूप धरना भी दिया। गौरतलब है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत आने वाले सैक्टरों की तकरीबन 74 हजार फाईलें है। इन फाईलों के दिन-प्रतिदिन की शिकायतों के निस्तारण के लिए 12 क्लर्कों की आवश्यकता पड़ती है। जबकि कुल आठ क्लर्क ही कार्यरत है। इसके अलावा आठ बाबूओं की भी जरूरत है। जिनमें से सिर्फ चार ही कार्यकर्ता है। कर्मचारियों की कमी की वजह से कार्यदिवस में फाईलों का निस्तारण नहीं हो पाता है। जिसके चलते कर्मचारियों को रात-रात भर जाग कर काम करना पड़ रहा है। इसके अलावा आये दिन सस्पेंशन की तलवार भी लटकी रहती है। कर्मचारियों ने बताया कि वर्कओवर लोड़ की वजह से विश्व नामक कर्मचारियों को हृदय आघात भी लग गया। कर्मचारियों ने हुडा प्रशासन से कर्मचारियों की संख्या पूरी करने की मांग की है।

## फरीदाबाद में 11 से 15 अगस्त तक मनेगा हर घर तिरंगा महोत्सव : उपायुक्त

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में आगामी 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ हर घर तिरंगा अभियान, समाधान शिविर और इलेक्शन से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरान्त उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 11 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा विकास एवं पंचायत विभाग, 12 अगस्त को स्कूल शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग, 13 अगस्त को खेल एवं युवा मामले विभाग, 14 अगस्त को पुलिस विभाग द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन जिला के अमृत सरोवरों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां तिरंगा फहराया जाएगा और पेड़ भी लगाए जायेंगे। वहीं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश ऑनलाइन माध्यम से भी सुना जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला में हर घर तिरंगा अभियान चलाकर राष्ट्रीयता की भावना को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिला वासियों को 11 से 15 अगस्त तक अपने घरों, संस्थानों आदि की छतों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित व जागरूक करें। वीडियो कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से क्षतिग्रस्त टाईलें उखाडने का कार्य शुरू



**कनीना सुनील दीक्षित**

महेंद्रगढ जिले के दो तथा रेवाडी जिले के एक उपमंडल को जोडने वाले महेंद्रगढ-कनीना-कोसली स्टेट हाईवे नम्बर 24 की रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन से उन्हाणी के समीप लंबे से हुई दुर्दशा पर लीपापोती का कार्य शुरू हो गया है। यह स्टेट हाईवे महेंद्रगढ,कनीना एवं कोसली उपमंडल को जोडता है। बृहस्पतिवार सुबह जेसीबी मशीन से वहां पर लगी सीमेंट की टाईलों को उखाडकर उसका लीकेज दुरूस्त करने के बजाय दुसरी टाईलें लगाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। ये फॉमूर्ला भी ठीक नहीं बैठा तो नहर के उपरगामी पुलिया बनाया जायेगा। उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही करीब 25 किलोमीटर लंबी रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी का यह लीकेज साईफन लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है। पानी का रिसाव होने के चलते डिस्ट्रीब्यूटरी के दोनों ओर सडक मार्ग में गड्ढे बने हुए हैं। जहां आए दिन सडक हादसे घटित हो रहे हैं ओर रोड सैफ्टि के दावे भी तार-तार हो रहे हैं। इस पहलु को लेकर नहर तथा लोक निर्माण विभाग आमने-सामने रहे हैं। नहर विभाग के अधिकारी लीकेज साइफन को ठीक करने से पूर्व लोकनिर्माण विभाग से सडक मार्ग के चौडीकरण का इंतजार करते रहे हैं। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस स्टेट हाईवे के चौडा करने की अभी कोई योजना नहीं है। रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन को ठीक करवाने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को लिखा गया था। ईधर नहर विभाग के एक्सईएन अजेंद्र सुहाग ने बताया कि सडक के चौडीकरण के लिए एस्टीमेट उच्च अधिकारियों को भेजा गया था। अब लीकेज साईफन को दुरूस्त करने की दिशा में कार्य शुरू कया गा है।

## प्रोपर्टी के विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपति घायल, दो महिलाओं सहित 5 के विरूध केस दर्ज

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना खंड के गांव खेडी,तलवाना में प्रोपर्टी के विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपति घायल हो गये। जिसे अस्पताल में उपचाधीन करवाने के बाद पुलिस ने मारपीट के आरोप में दो महिलाओं सहित 5 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में राधेश्याम वासी खेडी ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सडक के नजदीक उनकी साझे की जमीन है जहां उसका चचेरा भाई देवेंद्र दीवार बना रहा था। इस बारे में उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाने में शिकायत देने के रंजिसवश आरोपी उनसे गाली गलोच कर लाठी-डडों से मारपीट करने लगे। इस मारपीट में राधेश्याम व उसी पत्नी ललिता को चौटें आई। सूचना मलने पर डायल 112 की गाडी मौके पर पंहुची ओर एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी सेहलंग दाखिल करवाया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उपमंडल स्तरीय नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ के लिए रैफर कर दिया। वहां पर उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने राधेश्याम को पीजीआईएमएस रोहतक भेज दिया। पुलिस ने पीडित राधेश्याम की शिकायत पर मारपीट के आरोपी दो महिलाओं भारती व संतरा, सहित देवेंद्र, भवानी तथा अंकित के विरूध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## मुंडिया खेडा में बाबा बरखंडी की स्मृति मे दो दिवसीय धार्मिक मेला 16 से

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव मुडिया खेडा में आगामी 16 अगस्त से दो दिवसीय बाबा बरखंडी की स्मृति में धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बंसीलाल ने बताया कि इस मेले में खेलकूद प्रतियोगिता एवं भडारे का आयोजन होगा वहीं 16 अगस्त की रात्री से जागरण भी होगा। जिसमें गायक कलाकार रातभर धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को सुबह सवा 7 बजे हवन होगा। जिसमें प्रबुधजन आहुति डालेगें। उसके बाद मेले में कबड्डी नैशनल,कुश्ति 21 हजार तक 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लडके एवं लडकियों की दौड, 18 से 25 वर्ष तक लडके एवं लडकियों की दौड,लंबी कूद,ऊंची कूद तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के वृधों की दौड की जाएगी। जिसमें विजेता व उप विजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। 11 बजे अनिल कुमार व सुनिल कुमार की ओर से भंडारा प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। मेले के मुख्यातिथि भाजपा नेता प्रो रोशन लाल होगें तथा अतिथि महाराज सुरेश मुनी होगें। मेले की तैयारियां युद्व स्तर पर जारी हैं।

## गोगा नवमी के अवसर पर 27 को मोहनपुर नांगल तथा कनीना में होगा मेले का आयोजन

**कनीना सुनील दीक्षित**

आगामी 27 अगस्त को क्षेत्र के विभिन्न गावों में गोगा नवमी मेले का आयोजन किया जायेगा। इस बारे में सुरजीत सिंह ने बताया कि मोहनपुर नांगल में आयोजित गोगा नवमी मेले में खुलकूद प्रतियोगिताएं एवं भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार कनीना में बाबा राधेदास आश्रम के समीप मेला लगेगा। इस मेले में लडकें,लडकियों की दौड, कब्बड्डी,लंबी कूद,ऊंची कूद बुजुर्गों की दौड तथा रस्साकसी की जायेगी। प्रतियोगिता में विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

## रेवाड़ी में इस बार जातीय समीकरण पर हो सकता है रोचक मुकाबला : विजय सोमाणी

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जब 1947 में देश आजाद हुआ तब से आज तक केवल यादव समाज से ही रेवाड़ी क्षेत्र से हल्का विधायक बनते आए हैं, ऐसा नहीं है कि अन्य बिरादरियों के लोग जिनमें गांवों में एससी व बीसी 60 से 70प्रतिशत जनप्रतिनिधित्व करते हैं, जैसे सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य, जिला पार्षद सदस्य व सामाजिक सरोकार, शिक्षा से जुड़े संस्थान व अन्य सभी कार्यों में अग्रिम भूमिका निभाते हैं। लेकिन जिस दिन वोट पड़ता है उसे दिन केवल दो ही परिवार ऊपर से नीचे तक व्यवस्था को काबू कर लेते हैं। ऐसे में 2024 विधानसभा चुनाव भी रोचक होने वाला है। पंजाबी समाज द्वारा राजनैतिक टिकट व भागीदारी की मांग इसकी शुरूआत है। रेवाड़ी विधानसभा में आजादी से आज तक कई प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी परिवार डाटा साहब जो आर.डी. सोमाणी के साथी थे, लाला हुकम चंद कसेरा, स्योलाल गुर्जर व पांच बार राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक विजय सोमाणी शामिल रहे। यह पहली बार प्रयास है कि विधानसभा में टिकट की दौड़ व चुनाव लड़ने की ताकत शहर वासी जिनमें पंजाबी बिरादरी, वैश्य समाज, ब्राह्मण, सैनी व दलित भी अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। 6ठी बार विजय सोमाणी के निरंतर प्रयास किस करवट बैठते हैं यह बड़ा रोचक होने वाला है। यदि शहर व गांव में ये सामंजस्य फिट बैठता है तो परिणाम चौंकाने वाले व उन दो परिवारों की कूटनीति को तोड़ने का काम कर सकते हैं। जिसका परिणाम एससी, बीसी, जाट, गुर्जर, शहर में पंजाबी वैश्य, सैनी, ब्राह्मण का फामूर्ला जैसे लोकसभा में राजबब्बर ने यादव व गैर यादव के बीच में एक बड़ी खाई बनाने का काम किया, वो खाई कितनी बरकरार रहती है यह आने वाला 2024 चुनाव तय करेगा। रेवाड़ी विधानसभा 2024 में करीब डेढ़ लाख वोट अन्य समाज की होती है जबकि 1 लाख वोट यादव समाज की है। जिनमें 5 से 7 कैंडिडेट कम से कम चुनाव में उतरते हैं परंतु अन्य बिरादरी में सशक्त उम्मीदवार जो निरंतर जनता की आवाज बनने का निरंतर दावा करते हैं। परंतु अबकी बार अन्य बिरादरियों की दावेदारी बढ़ रही है। जिसमें हो सकता है कि विजय सोमाणी की दावेदारी मजबूत या कमजोर हो। सूत्रों की माने या जिस प्रकार से अन्य जातियां टिकट मांग रही उस से लग रहा है रेवाड़ी में इस बार गैर अहीर का नारा भी लग सकता है।

# विधायक लक्ष्मण सिंह ने कोसली को दी करोड़ों की सौगात

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास में शुक्रवार का दिन मील का पत्थर साबित हुआ। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने करोड़ों की दर्जनभर योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इस दौरान कोसली विधायक ने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में शिखर पर लेकर जाना ही उनकी प्राथमिकता है।

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शुक्रवार को क्षेत्र के गाँव छव्वा में छव्वा से धारौली सडक निर्माण कार्य (लागत 53.86 लाख) का शिलान्यास व ओपन जिम का उद्घाटन, गांव शहादतनगर में शहादतनगर से नठेडा सडक निर्माण कार्य (लागत 86.45 लाख) का शिलान्यास, नवनिर्मित फिरनी व जलघर वाले रास्ते का उद्घाटन (लागत 80 लाख), मुख्य फिरनी से पशु चिकित्सालय तक व मुख्य फिरनी से ओमप्रकाश के मकान तक के नवनिर्मित रास्ते का उद्घाटन, गांव सुधराना में सुधराना से कोहारड सडक निर्माण कार्य (लागत 40.57 लाख) का शिलान्यास, मन्दिर से रेलवे स्टेशन वाले नवनिर्मित रास्ते का उद्घाटन, गंदे पानी की निकासी के लिए पाईप लाईन कार्य का शिलान्यास, गांव लिलोढ़ में लिलोढ़ से सुधराना सडक निर्माण कार्य (लागत 97.36 लाख) का शिलान्यास, जुड्डी रोड़ से संजय के मकान तक नवनिर्मित रास्ते का उद्घाटन (लागत 18 लाख), श्मशान घाट का रास्ता निर्माण, जुड्डी रोड से सतीश के मकान तक नवनिर्मित रास्ता, स्कूल से राजेश के मकान तक रास्ता व दो ओपन जिम निर्माण कार्यों का उद्घाटन, गांव कोहारड में कोहारड से सुधराना सडक निर्माण कार्य (लागत 48.78 लाख) का शिलान्यास, बाबा हथापुरी में ओपन जिम, जगदेव के मकान से शांति देवी के मकान तक नव निर्मित रास्ता, पार्क में टीनशैड का निर्माण कार्य का उद्घाटन तथा बहु रोड़ से सत्यभारती स्कूल तक नवनिर्मित रास्ता (लागत 10 लाख) का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इससे पूर्व सभी गांवों में मुख्य अतिथि कोसली विधायक का फूलमालाओ, पगड़ी व स्मृति चिह्न के साथ जोरदार स्वागत किया। कई गांवों में हुई बरसात के बावजूद काफी संख्या में ग्रामीण अपने विधायक को सुनने के लिए मौजूद रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कोसली विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी जनहित में एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। जिससे हरियाणावासियों को जमकर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। संबंधित अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री व विधानसभा में मुद्दों को उठाकर इलाके की पुरानी लंबित मांगों को पूरा कराने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनता के मिले प्यार, सहयोग व समर्थन के वह सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने मौजूद पर मौजूद अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने का कार्य करें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही, लापरवाही व गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं होगी। ग्रामीणों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराकर उन्हें राहत पहुंचाई जाए।

इस अवसर पर नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, नाहड़ मण्डल अध्यक्ष प्रदीप यादव, छव्वा सरपंच राजबाला देवी, सरपंच सादतनगर प्रहलाद सिंह, सरपंच सुधराना संजू देवी, सरपंच लिलोढ़ भगवान देव, सरपंच कोहारड किरण देवी, सरपंच प्रतिनिधि रणबीर कोहारड, सरपंच भाकली श्याम सिंह, सरपंच नेहरूगढ़ आशीष, सत्यवीर सरपंच प्रतिनिधि, सरपंच मसीत अशोक, लिलोढ़ ब्लॉक समिति सदस्य बेबी, कोहरड़ ब्लॉक समिति सदस्य प्रीति, रामनिवास नम्बरदार, सत्यनारायन नम्बरदार, डॉ कृष्ण, विकास यादव, महेश लखेरा, बीडीपीओ अनिल कुमार, एसडीओ विकास, जेई सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 33 प्रतिशत आरक्षण बिल को लेकर महिलाओ में उत्साह : उषा प्रियदर्शनी

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



रेवाड़ी। भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की विस्तृत कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जिला अध्यक्षा कविता गुप्ता कि अध्यक्षता में हुआ । जिसमे मुख्य रूप से प्रदेशाध्यक्षा महिला मोर्चा उषा प्रियदर्शनी तथा जिला अध्यक्षा डॉक्टर वंदना पोपली का सभी आए हुए कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यकारिणी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा उषा प्रियदर्शनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला मोर्चा हर मोर्चे में सबसे आगे रही है । व भाजपा सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के अनेकों कदम उठाये हैं जो कि पहले की सरकारों द्वारा उपेक्षित रहे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा पर बल दिया है जिसका फायदा देश व प्रदेश की सभी महिलाओं को मिल रहा है। चाहे तीन तलाक को खत्म कर महिलाओं को बराबर का हक देने की बात थी तो वो सिर्फ नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता व सोच का परिणाम था। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्षा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता पाटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। 33प्रतिशत आरक्षण बिल को लेकर बहनों में काफी उत्साह है। उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बहनो कि तरफ से धन्यवाद करती हूं जिन्होंने बहनों के बारे में सोचा और उन्हें सशक्त बनाया। आगामी विधान सभा चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका अग्रणी होगी।जिला अध्यक्षा वंदना पोपली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमारी बहनों की भूमिका बहुत ही अहम होने वाली है है। महिला मोर्चा पूरी शिद्दत के साथ काम कर रहा है। जिले में भी महिला मोर्चा की ओर से कई प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी कि तीन बहने सरकार की लखपति योजना के तहत लखपति बनी। ग्रहणियों को भी सरकार ने रसोई गैस का सलेंडर 500 रुपये का कर उनका सम्मान किया । कार्यकारिणी के अंत में महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा कविता गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया और जिला अध्यक्षा और प्रदेशा अध्यक्षा को आश्वस्त किया कि महिला मोर्चा जिले और प्रदेश द्वारा जो भी कार्य दिये जाएंगे उन्हे पुरी मेहनत और ईमानदारी के साथ करेगी। महिला विस्तृत कार्यकारिणी की इस बैठक में पूर्व पर्यटन विभाग चैयरमैन अरविंद यादव, प्रदेश पीपीपी कोऑर्डिनेटर सतीश खोला, हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष बाल कल्याण परिषद पारिश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू चौधरी, जिला महामंत्री महिल मोर्चा हेमलता यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपा जैमिनी, रेखा शर्मा, सरोज यादव, दीपा भारद्वाज, पुष्पा मुदगिल, पूर्व पार्षद कुमारी गीता, जिला सचिव नीरू भारद्वाज, मुकेश यादव, सीमा राय, जयमाला कौशिक, सुरेखा ढींगरा, रुचिका नागपाल, कृष्णा यादव, अलका, स्वीटी, कुसुम, सरोज सिक्का, सुमन लता, बिंदु गुप्ता, प्रियंका तथा सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति कनीना की बैठक में विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा



**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना पंचायत समिति के ऑडिटोरियम में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गयां दोपहर 1 बजे शुरू हुई इस बैठक में पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी नवदीप सिंह, पंचायत समिति के अध्यक्ष जेपी यादव, वाइस चेयरमैन रमेश मलावत सहित 28 में से 23 सदस्य उपस्थित थें बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा की गई वहीं पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि भी की गईं बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने गांव में विकास कार्यों को लेकर विकास राशि जारी करने व उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहां उन्होंने कहा कि गांव में बिजली,पानी, सड़क तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा की गईं बजट का अभाव होने के कारण सदस्यों को विकास राशि अलर्ट नहीं की जा सकी

## नशे रुपी राक्षस का वध करने बारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और चालकों के साथ वार्ता- नशे को मार भगाना है स्वस्थ जीवन अपनाना है



**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय 23 वां, 24 वां और 25 वां नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अलग अलग तीन भागों में यह कार्यक्रम हुआ। प्रथम भाग में 715 विद्यार्थियों, दूसरे भाग में 15 चालकों और तीसरे भाग में 21 शिक्षकों के साथ नशे रुपी राक्षस का वध करने बारे मंत्रणा हुई जिसमें नशे से दूर रहने के साथ साथ इस बुराई को समूल नष्ट करने पर विचार किया गया। विद्यालय की प्राचार्या नैंसी शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी / उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के दिन 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन हुआ था और आज नशा छोडो आंदोलन हो रहा है। नशे पर प्रहार करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को कहती ले खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने विद्यार्थियों के हृदय को झंझोड़ कर रख दिया। नशे पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बच्चो आप हमारे बच्चे हैं हम सबने मिलकर नशे को मार भगाना है और स्वस्थ जीवन अपनाना है। शिक्षकों के साथ वातालाप करते हुए उन्हें अलग से टिप्स देते हुए बताया कि सरकार द्वारा धाकड़ नामक योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को धाकड़ की उपाधि दी है और धाकड़ वह है जो अपने कर्तव्य का पालन करता है और कर्तव्य के पथ पर कभी नहीं डरता। माता पिता, वृद्धों, और गुरुजनों का सत्कार उनके गन होते हैं। नशे के लिए जीवन में कोई स्थान नहीं है। चालकों के साथ अलग से वातालाप करते हे कहा कि बस के चालक और परिचालक पर विद्यार्थियों को घर से सुरक्षित लेकर आना और छोड़ना है। नियमों का पालन और नशे से दूर रहकर ही अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत अपराध नशे के कारण हो रहे हैं। प्रतिबंधित नशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का रामबाण के रूप में प्रयुक्त करके नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# एनएचएम कर्मचारियों की मांग को विधानसभा में जोर शोर से उठाऊंगा : चिरंजीव राव

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** सिविल हॉस्पिटल में पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों को रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव ने धरना स्थल पहुंच कर अपना समर्थन दिया। विधायक चिरंजीव राव ने कहा एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को विधानसभा में जोर-शोर से उठाया जाएगा और मेरी कोशिश रहेगी कि उनकी मांगों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में भी डाला जाए। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर एनएचएम कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। चिरंजीव राव ने कहा की एनएचएम कर्मचारी पिछले 15 दिनों से हड़ताल पर बैठे हैं। सरकार इनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा भूख हड़ताल व सड़कों पर उतरने की बात भी कहीं जा रही है लेकिन भाजपा सरकार की सोच ही जनविरोधी है। यह वहीं एनएचएम कर्मचारी हैं जो कोरोना जैसी महामारी में भी नहीं हारे। जान जोखिम में डालकर इन्होंने महामारी का डट कर सामना किया। इन कर्मचारियों को सम्मान देने की बजाय सरकार इन्हें तंग करने में लगी हुई है। श्री राव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से आज हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार की ये नाकामी है कि आज हमारे कर्मचारी हड़ताल पर हैं। यही नहीं चाहे आंगनवाड़ी वर्कर, कंप्यूटर ऑपरेटर हो या फिर कोई अन्य कर्मचारी इस सरकार से हर कोई परेशान है।

## वित्त मंत्री जेपी दलाल ने वीरवार को लोहारू हलके में करीब 15 करोड़ रुपए की सडकों एवं फिरनियों का किया शिलान्यास



**सिवानी सोनिका सूरा**

वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा वीरवार को लोहारू हल्के के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों की सौगात देने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। वित्त मंत्री श्री दलाल ने वीरवार को लोहारू हल्के में करीब 15 करोड़ रुपए की सडक निर्माण एवं फिरनियों को पक्का किए जाने वाले कार्य का शिलान्यास किया। वित्त मंत्री श्री दलाल ने वीरवार को लोहारू हलके में विकास कार्यों के लिए धन की खूब बारिश की। वित्त मंत्री श्री दलाल ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए 48 लाख रुपए की लागत से गांव तलवानी की फिरनी को पक्का करने तथा 69 लाख रुपए की लागत से गांव गुढा की फिरनी को पेवर ब्लॉक से पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने एक करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से मोहिला से शेरपुरा रोड तथा एक करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से गांव खरकड़ी से शेरपुरा तक बनने वाले सडक का शिलान्यास किया। वित्त मंत्री ने 55 लाख रुपए की लागत से गांव खरकड़ी में कच्ची फिरनी को पक्की करने के कार्य का भी शिलान्यास किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा निर्माण कार्य निर्धारित पैमानों के अनुरूप होने चाहिए निर्माण कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री श्री दलाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी पांच साल में अब से भी कहीं अधिक विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि आज गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है।

शहरों की तरह गांवों में बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार से गांवों में पार्क, व्यायामशाला, ओपन जिम, ई-लाईब्रेरी खोली जा रही हैं, लोगों को गांव में ही मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं।

वित्त मंत्री शिलान्यास समारोह के दौरान वित्त मंत्री का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया।

**वित्त मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि 10,15 दिन में खरीफ फसल 2023 की मुआवजा के लिए करीब 125 करोड रुपए की राशि जारी की जाएगी। प्रभावित किसानों के खाते में तुरंत प्रभाव से फसल मुआवजा की राशि डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के साथ में खड़ी है।**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ने लिया खेल प्रांगण का जायजा



**सिवानी मंडी 9 अगस्त, सोनिका सूरा**

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम वीरेन्द्र सिंह शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण का जायजा लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की सफलता पूर्वक संपन्न करवाने की लेकर अधिकारियों को जरुरी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं,वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने का पर्व है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम देश भक्ति से ओत-प्रोत होने चाहिए। समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। ग्राउंड निरीक्षण के बाद एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपित कर उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी का यह फर्ज बनता है। अपने आस पास खाली जगह में पेड़ लगाए और आस पास के लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम विरेन्द्रसिंह सिंह ने शहर में खड़े बरसाती पानी की निकासी को लेकर पब्लिक हेल्थ के कर्मचारियों-अधिकारियों को बरसाती पानी जल्द से जल्द निकालने के साथ साथ। लोगों के पीने के लिए स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के निर्देश दिए।इस अवसर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देश के बियरेबल उपकरणों की शिपमेंट में बड़ी गिरावट

**- जून 2024 की तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 29.5 मिलियन यूनिट रह गई**

**नई दिल्ली ।**

एक मार्केट रिसर्च फर्म ने कहा कि भारत में वियरेबल उपकरणों की शिपमेंट में पहली बार गिरावट दर्ज की गई, जो जून 2024 की तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 29.5 मिलियन यूनिट रह गई। पुराने मॉडलों के बड़े स्टॉक की बिक्री नहीं होने और इस सेगमेंट में नवाचार के निचले स्तर से ऐसा हुआ। रिपोर्ट के अनुसार वनप्लस के साथ ओप्पो में साल दर साल 35.8 प्रतिशत की शिपमेंट में सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके बाद फायर-बोल्ट का स्थान रहा, जिसके पहनने योग्य उपकरणों की शिपमेंट में 24.3 प्रतिशत की गिरावट आई, नॉइज में 13.9 प्रतिशत की गिरावट आई और बोट में साल दर साल 9.8 प्रतिशत की गिरावट आई। प्रमुख पांच ब्रांडों में बोल्ट एकमात्र खिलाड़ी था, जिसने शिपमेंट में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल शिपमेंट में गिरावट के बावजूद, बोट ने 26.7 प्रतिशत शेयर के साथ वियरेबल सेगमेंट का नेतृत्व किया, इसके बाद नॉइज (नेक्सबेस) ने 13 प्रतिशत शेयर, बोल्ट ने 8.1 प्रतिशत, फायर-बोल्ट ने 8 प्रतिशत, ओप्पो (वनप्लस के साथ संयुक्त) ने 7.6 प्रतिशत शेयर हासिल किए। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि त्योहारों के मौसम की शुरुआत से पहले पुराने स्टॉक को साफ करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ विक्रेताओं द्वारा सावधानीपूर्वक इन्वेंट्री स्टॉकिंग और कम नए लॉन्च इस गिरावट के प्रमुख कारण थे। समग्र वियरेबल्स के लिए औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) भी 21 अमेरिकी डॉलर (1,763 रुपये) से 18.8 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1,580 रुपये) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कुल शिपमेंट में गिरावट स्मार्टवॉच के शिपमेंट में 27.4 प्रतिशत की गिरावट के कारण हुई, जो एक साल पहले 12.77 मिलियन से रिपोर्ट की गई तिमाही के दौरान 9.27 मिलियन हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन्वेंट्री क्लियर करने के लिए कीमतों में कटौती और ब्रैंड्स द्वारा छूट दिए जाने के कारण स्मार्टवॉच एएसपी एक साल पहले के 25.6 डॉलर से गिरकर 20.6 डॉलर पर आ गया। एडवांस्ड स्मार्टवॉच में 21.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बाजार हिस्सेदारी 1.5 से बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई। स्मार्टफोन सेगमेंट में सबसे ज्यादा नुकसान बोट को हुआ, जिसकी शिपमेंट में सालाना आधार पर करीब 45 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद नोइज का स्थान रहा, जिसकी शिपमेंट में 32.4 प्रतिशत, फायर बोल्ट का 26.1 प्रतिशत और बोल्ट का 16.6 प्रतिशत की गिरावट आई। टाइटन एकमात्र ऐसा ब्रैंड रहा, जिसने स्मार्टफोन शिपमेंट में करीब 69 प्रतिशत की उछाल दर्ज की।

# फिर सस्ता हुआ सोना, चांदी हुई महंगी

**सोना 69,600 रुपए, चांदी लगभग 80,750 रुपए**



**नई दिल्ली ।**

सोने के वायदा भाव की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव 69,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 80,750 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन सोना के भाव बाद में सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 234 रुपये की गिरावट के साथ 69,470 रुपये के भाव पर खुला। इसके बाद यह 92 रुपये की गिरावट के साथ 69,612 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 71 रुपये की तेजी के साथ 80,686 रुपये पर खुला। इसके बाद यह 142 रुपये की तेजी के साथ 80,755 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने के भाव लुढ़क गए। कॉमेक्स पर सोना 2,467.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,463.30 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.60 डॉलर की गिरावट के साथ 2,459.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.64 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.60 डॉलर था। इस समय यह 0.06 डॉलर की तेजी के साथ 27.66 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक कार टाटा कर्व लॉन्च

**- 8 सेकंड में 100 केएमपीएच की रफ्तार**

**नई दिल्ली ।**



स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक कार टाटा कर्व लॉन्च हो गई है। भारतीय बाजार में यह पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी कूपे कार है। देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स, टाटा कूर्व ईवी के लॉन्च के साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट का विस्तार कर रही है। इसमें 6 एयरबैग और अडास समेत 60 से ज्यादा एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स मिलेंगे। यह कार आइस और ईवी के दो वर्जन्स में उपलब्ध होगी। नेक्सॉन ईवी, टियागो ईवी, पंच ईवी और टिगोर ईवी जैसे मॉडलों के साथ टाटा मोटर्स ने पहले से इंडियन ईवी मार्केट में अपनी पोजिशन को मजबूत बनाकर रखा है।टाटा मोटर्स ने यह कार पहली बार 2022 में ऑटो एक्सपो में दिखाई थी। इसके बाद से ही लोग इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टाटा कर्व ईवी कई फीचर्स से लैस। इसका डिज़ाइन से लेकर इंटीरियर बेहद खास है। टाटा कूर्व की सबसे बड़ी खासियत इसका माइलेज है। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर तक दौड़ेगी। कर्वव ईवी की रेंज 585 किमी होने का दावा किया गया है। कंपनी का कहना है कि यूजर्स रीयल लाइफ में 400-425 किमी के बीच की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं। टाटा कर्व में 12.3-इंच का टचस्क्रीन, एसी के लिए टच कंट्रोल्स और पैनारोमिक सनरूफ शामिल हैं। इसमें नेक्सॉन की तरह सेंटर कंसोल, ड्राइव मोड सिलेक्टर समेत वायरलेस चार्जर और स्टार्ट-स्टॉप बटन जैसे फीचर्स शामिल हैं। टाटा कर्ववी ईवी में 18 इंच के व्हील और 190 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस मिलता है। इस गाड़ी में 500 लीटर का बूट स्पेस भी है। यह गाड़ी 123 केडब्ल्यूएच मोटर से लैस होगी, जिससे केवल 8.6 सेकंड में टाटा कर्व 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम होगी। टाटा कर्व ईवी दो बैटरी पैक ऑप्शन के साथ मिलेगी। इसमें एक 45केडब्ल्यूएच पैक जिसकी रेंज 502 किमी है और दूसरा 55 केडब्ल्यूएच पैक है जिसमें 585 किमी की रेंज का दावा किया गया है।

# एलआईसी अब हेल्थ इंश्योरेंस कारोबार में भी करेगी प्रवेश!

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अब हेल्थ इंश्योरेंस कारोबार में भी प्रवेश करने पर विचार कर रही है। हेल्थ इंश्योरेंस कारोबार के लिए एलआईसी किसी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। देश में अभी पांच प्रमुख बीमा कंपनियां, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस, निवा बूपा, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस, केयर हेल्थ इंश्योरेंस और मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, काम कर रही हैं। बीमा नियामक इरेडा ने हाल ही में दो कंपनियों गैलेक्सी हेल्थ और नारायण हेल्थ को भी बीमा कारोबार की अनुमति दी है। एलआईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एलआईसी के जून तिमाही के नतीजे घोषित करते हुए कहा कि बीमा के लिए एक वर्टिकल स्थापित करने के बजाय, हमने महसूस किया कि हम एक कंपनी का अधिग्रहण कर सकते हैं जो हमें देश भर में स्वास्थ्य बीमा बेचने की अनुमति देगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में ही किसी कंपनी का अधिग्रहण करने का इरादा है। एलआईसी के पास 14.1 लाख से ज्यादा एजेंट हैं, जो दुनिया भर की बीमा कंपनियों में सबसे बड़ी एजेंसी फोर्स में से एक है। सूत्रों के अनुसार निगम के ज्यादातर एजेंट पहले से ही दूसरी निजी कंपनियों के लिए स्वास्थ्य बीमा वितरित कर रहे हैं क्योंकि नियम एक एजेंट को जीवन और गैर-जीवन बीमा कंपनियों के लिए काम करने की अनुमति देते हैं। अगर एलआईसी भी हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में उतरती है तो उसके मौजूद एजेंट कंपनी के लिए बहुत फायदेमंद होंगे।

# सैमसंग ने 11.2 लाख इलेक्ट्रिक मॉडल वापस मंगाए

**न्यूयॉर्क ।**

सैमसंग ने आग लगने के 250 मामले सामने आने की शिकायत के बाद स्टोवटॉप के लिए उपयोग किए जाने वाले 11.2 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक मॉडल को वापस मंगाया है । अमेरिकी कंज्यूमर प्रोडक्ट सेफ्टी कमीशन (सीपीएससी) ने बताया कि इन स्लाइड-इन रेंज में आगे की तरफ नॉब लगे होते हैं जो गलती से चालू हो सकते हैं अगर इंसान या जानवर अनजाने में उनसे टकरा जाए तो भी यह चालू हो जाते हैं। इससे आग लगने का खतरा होता है। सीपीएससी के अनुसार सैमसंग को 2013 से अभी तक नॉब के अनजाने में चालू होने की 300 से अधिक शिकायत मिली हैं। आग लगने की करीब 250 घटनाएं हुई हैं।

इनमें से कम से कम 18 घटनाओं में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और सात में पालतू जानवरों की जान चली गई। 40 लोग घायल हुए, जिनमें से आठ को चिकित्सकीय सहायता लेनी पड़ी। वापस बुलाए गए मॉडल मई 2013 और अगस्त 2024 के बीच सैमसंग.कॉम पर ऑनलाइन बेचे गए थे।

साथ ही देशभर के खुदरा विक्रेताओं बेस्ट बाय, कॉस्टको, होम डिपो और लोव्स आदि के जरिये भी बेचे गए थे। जिन ग्राहकों से इन मॉडल को वापस बुलाया गया है उन्हें न्यू जर्सी स्थित सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका से संपर्क कर अपने मॉडल के अनुरूप निःशुल्क नॉब लॉक या कवर लेने का विकल्प दिया गया है।

## ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 11 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर निर्गम मूल्य 76 रुपये से लगभग 11 प्रतिशत उछाल के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.99 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 10.71 प्रतिशत उछलकर 84.14 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य 76 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में कारोबार 10.80 प्रतिशत चढ़कर 84.21 रुपये पर पहुंच गया। भाविश अग्रवाल की अगुवाई वाली कंपनी का बाजार मूल्यांकन शुरुआती कारोबार में 36,742.21 करोड़ रुपये था। कंपनी के 6,145 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के आखिरी दिन मंगलवार को 4.27 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ में 5,500 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और 8,49,41,997 शेयर की बिक्री पेशकश शामिल थी। इसके लिए मूल्य दायरा 72 से 76 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।



## ई-कॉमर्स क्षेत्र त्योहारों से पहले करेगा 12.5 लाख नियुक्तिया

**मुंबई ।** त्योहारी सीजन के दौरान मांग में बढ़ोतरी होने की संभावनाओं को देखते हुए ई-कॉमर्स क्षेत्र 12.5 लाख भर्तियां करने पर विचार कर रहा है। इनमें 10 लाख अस्थायी और 2.5 लाख अनुबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति हो सकती है। टीमलीज सर्विसेज ने कहा कि त्योहारी सीजन में ई-कॉमर्स उद्योग की बिक्री में 35 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। टीमलीज सर्विसेज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह भर्ती न सिर्फ रोजगार सृजन में ई-कॉमर्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है, बल्कि 2025 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के भारत के लक्ष्य में इसके महत्वपूर्ण योगदान को भी दर्शाता है। आईटी कंपनियां धीरे-धीरे मंदी से बाहर निकलने लगी हैं। आने वाले समय में ये अच्छी खासी भर्तियां करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगले साल तक इस क्षेत्र में नियुक्तियों में 8.5 फीसदी की बढ़त हो सकती है। सभी तकनीकी नौकरियों में से 70 फीसदी मांग सॉफ्टवेयर के लिए है। पिछले साल के अंत और इस साल की शुरुआत में कुशल प्रतिभाओं की मांग तेजी से बढ़ी है।

## झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण ने बिल्डरों से वसूले 700 करोड़

**मुंबई ।** झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) ने पिछले एक साल में 192 प्रॉजेक्ट से जुड़े बिल्डरों से 700 करोड़ रुपए को किराया राशि वसूल की है। इस राशि से 17,992 परिवारों की किराए की समस्या का समाधान हो गया है। एसआरए ने बिल्डरों से बकाया किराया वसूलने के बाद इसे झोपड़पट्टीवासियों में वितरित करना शुरू कर दिया है। एसआरए को लंबे समय से बिल्डरों के खिलाफ यह शिकायतें मिल रही थीं कि प्रॉजेक्ट के लिए घर तोड़ने के बाद भी झोपड़ाधारकों को किराया नहीं दिया जा रहा था। इसके बाद एसआरए ने 2023 में एक विशेष मुहिम शुरू की, जिसमें बकाया किराए की वसूली पर जोर दिया गया। 2023 तक बकाया किराया 600 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका था। एसआरए के प्रवक्ता के अनुसार, इस विशेष मुहिम के तहत जुलाई 2024 तक 700 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। शिकायतें मिलने पर बकाया किराया न देने वाले बिल्डरों को नोटिस भेजी जा रही है। नोटिस के बाद भी यदि किराया जमा नहीं होता, तो संबंधित प्रॉजेक्ट और बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसआरए के सैकड़ों प्रॉजेक्ट कई वर्षों से अटके पड़े हैं। एसआरए की अनुमति मिलने के बाद बिल्डरों ने प्रॉजेक्ट के नाम पर हजारों झोपड़ियों को तोड़ दिया, लेकिन कुछ महीनों तक किराया देने के बाद, कई बिल्डरों ने हजारों परिवारों का किराया रोक दिया। एसआरए के लचीले नियमों के कारण हजारों परिवारों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा, जिससे वे कठिनाई में पड़ गए। नागरिकों की बढ़ती नाराजगी के बाद, एसआरए ने बिल्डरों को नोटिस भेजने और बकाया किराया वसूलने की प्रक्रिया में तेजी लाई है, ताकि इन परिवारों को राहत मिल सके।

## सैनिटरीवेयर विनिर्माता ग्रोटो पूर्वोत्तर में करेगी विस्तार

**गुवाहाटी ।** लक्जरी सैनिटरीवेयर विनिर्माता ग्रोटो ने कहा कि उसकी योजना अगले तीन महीनों में पूर्वोत्तर भारत में अपने बाजार का विस्तार करने की है। ग्रोटो के एक अधिकारी ने बयान में कहा कि कंपनी की योजना क्षेत्र के प्रमुख शहरों में डीलर आउटलेट पर अपने नवीन तथा उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की है। हम पूर्वोत्तर भारत में अपने उत्पाद की उपलब्धता बढ़ाने की अपनी योजना की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह विस्तार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हम यहां अधिक ग्राहकों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारी ने कहा कि ग्रोटो अपने उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को बीएआईसी प्रदर्शनी 2024 में प्रदर्शित करेगा, जो पूर्वोत्तर भारत में भवन निर्माण सामग्री, वास्तुकला, आंतरिक डिजाइन और निर्माण का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम 9 अगस्त से गुवाहाटी में आयोजित किया जा रहा है जो 11 अगस्त तक चलेगा।

## एसबीआई को चालू वित्तीय वर्ष में 7 फीसदी वृद्धि दर रहने का अनुमान

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी एक सालाना रिपोर्ट में देश की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के 7.2 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। स्टेट बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि वृद्धि दर में 20 आधार अंकों की गिरावट का कारण वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चतता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी रहने का अनुमान है। अनुमानों में कटौती का आधार वैश्विक स्तर पर बढ़ी हुई अनिश्चितताएं हैं। रिपोर्ट में गिरावट के बावजूद यह कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास प्रदर्शित कर रही है और इस साल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बने रहने की उम्मीद है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 के लिए उसका जीडीपी अनुमान कई सकारात्मक कारकों पर आधारित है, जिसमें लाभांश द्वारा समर्थित राजकोषीय बफर में वृद्धि, मानसून की स्थिति में सुधार के कारण कृषि गतिविधि में प्रत्याशित रिकवरी और मजबूत विनिर्माण गतिविधि के बीच निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि शामिल है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 820 , निफ्टी 250 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 819.69 अंक बढ़कर 79,705.91 अंक पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 250.50 अंक ऊपर आकर 24,367.50 अंक पर बंद हुआ। इस सप्ताह की शुरुआत भारी गिरावट के साथ हुई थी, जिसकी वजह अमेरिका में बेरोजगारी दरों में आई गिरावट और बैंक ऑफ जापान की तरफ से ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी थी पर अब फिर से बाजार में सुधार आया है। इससे सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों हरे निशान में बंद हुए।

वहीं आज सुबह से ही बाजार की अच्छी शुरुआत हुई। इसका कारण अमेरिकी बाजार में सुधार के साथ ही निवेशकों के मन में मंदी की आशंकाएं कम होना है।

आज निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में वाहन कंपनियों के शेयर रहे। आयशर मोटर्स के शेयर आज 5.68 फीसदी ऊपर आये और ये नंबर एक पर पहुंच गया। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.05 फीसदी, श्रीराम फाइनेंस 2.88 फीसदी, टाटा मोटर्स 2.81फीसदी और टेक महिंद्रा के शेयर भी 2.63फीसदी बढ़े।

दूसरी ओर नुकसान वाले शेयरों में एचडीएफसी लाइफ सबसे ऊपर रहा। उसके शेयरों में आज 1.09 फीसदी की गिरावट रही जबकि कोटक बैंक 0.16 फीसदी, मारुति सुजूकी इंडिया 0.12 और सन फार्मा 0.10 के शेयर भी सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहें। निफ्टी के 50 शेयरों में सिर्फ यही चार शेयर ऐसे थे, जो आज गिरावट पर बंद हुए। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, टोक्यो, सियोल और हांगकांग के शेयर ऊपर आये जबकि शंघाई नीचे आया। वहीं यूरोपीय बाजार से भी सकारात्मक संकेत मिले हैं। गत दिवस अमेरिकी बाजार काफी बढ़त पर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 2,626.73 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।




वहीं आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। बेंचमार्क सेंसेक्स 789 अंक उछलकर 79,675 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी50 235 अंक बढ़कर 24,352 के स्तर पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स के सभी शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। खासकर, आईटी सेक्टर शानदार प्रदर्शन करते दिखे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसे प्रमुख आईटी शेयरों में 2 फीसदी तक की बढ़त रही।

# सीबीडीटी आयकर बकाये की वसूली के लिए अभियान शुरू करेगा

**मुंबई ।**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि वह लंबित आयकर बकाये की वसूली के लिए अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है। विभाग ने सितंबर के आखिर तक ऐसे 5,000 बड़े मामलों की पहचान करने के लिए एक विशेष टीम का गठन करेगा। ये मामले कुल बकाया करों के लगभग 60 फीसदी हिस्से के लिए जिम्मेदार होंगे।

यह कार्रवाई सीबीडीटी की केंद्रीय कार्ययोजना का हिस्सा है, जिसमें अधिकारियों को पुराने कर मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संदर्भ में सीबीडीटी ने जोर दिया है कि पिछली कर मांगों को निपटाने के लिए गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है और इसके लिए लक्ष्यों को तय किया गया है। इन मामलों में करदाताओं को पहले ही नोटिस भेजे जा चुके हैं लेकिन विभिन्न कारणों से अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। कानूनी मुकदमे, कंपनियों का बंद होना, करदाताओं का पता नहीं लग पाना और स्रोत पर कर कटौती में विसंगतियों के कारण ऐसे मामलों की संख्या बढ़ गई है। इसके अलावा कुछ मामलों पर अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा रोक लगाने का आदेश भी दिया गया है। 1 अप्रैल तक लंबित कर बकाया 43 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि 1 अप्रैल, 2023 में यह 24 लाख करोड़ रुपए था। सीबीडीटी ने अपनी कार्ययोजना में इसे अत्यधिक वृद्धि बताते हुए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

## रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 83.89 डॉलर पर

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत होकर 83.89 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.95 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.89 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को 83.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.17 पर रहा।





## कृति सेनन के रांझणा बनेंगे धनुष! आनंद एल राय की तेरे इश्क में के लिए मिलाया हाथ



साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों रायन की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी आने वाली फिल्म कुबेर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता को लेकर एक और दिलचस्प खबर सामने आ रही है, जो उनकी नई फिल्म को लेकर है। खबर है कि उनकी जोड़ी एक बार फिर बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ बन सकती है। वह अभिनेत्री कृति सेनन है। सोशल मीडिया पर यह खबर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही एक नई फिल्म में धनुष और कृति सेनन एक साथ काम करते नजर आएंगे। 2013 में रांझणा की सफलता के बाद निर्देशक आनंद एल राय और अभिनेता धनुष एक बार फिर तेरे इश्क में नाम की एक और रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक साल पहले एक विशेष वीडियो के साथ इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक कलाकारों की पुष्टि नहीं हुई है, जिससे चर्चा है कि कृति सेनन इस संगीतमय प्रेम कहानी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कृति धनुष के साथ अभिनय करने के लिए बातचीत कर रही हैं। कृति सेनन और धनुष दोनों पहले भी निर्देशक आनंद एल राय के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म एआर रहमान की म्यूजिकल होगी, जिसके बोल इरशाद कामिल द्वारा लिखे जाएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कृति सेनन ने कुछ महीने पहले आनंद एल राय से कहानी सुनी थी और इस एक्शन लव स्टोरी की दुनिया में उतरने में दिलचस्पी दिखाई है।

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि निर्माता धनुष और कृति के अलावा एक और अभिनेता को कास्ट करना चाह रहे हैं। निर्माता कथित तौर पर कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही उनका चयन करेंगे। तेरे इश्क में की शूटिंग अक्टूबर 2024 में शुरू होने की उम्मीद है और ऐसे में यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी। कृति सेनन दो पत्ती की रिलीज की तैयार कर रही हैं। वहीं, धनुष अब कुबेर में रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे।



## सामंथा से पहले इन साउथ अभिनेत्रियों ने अभिनय के दम पर चमकाई सीरीज

आज के दौर में ओटीटी पर फिल्मों और वेब सीरीज को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। भागदौड़ की जिंदगी में दर्शन भी अब घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही अपनी पसंदीदा सीरीज देखना पसंद करते हैं। ऐसे में सभी कलाकार ओटीटी प्लेटफॉर्म का रुख कर रहे हैं और अपने अभिनय का दाम दिखा रहे हैं। बॉलीवुड सितारे तो क्या साउथ सिनेमा के कलाकार भी अब ओटीटी पर अपनी धाक जमाने के लिए निकल चुके हैं। ऐसे में कई साउथ अभिनेत्रियों ने भी दमदार सीरीज में काम किया है, जिसका हालिया उदाहरण सामंथा रुथ प्रभु का है। वे एक बार फिर सिटाडेल के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

### सामंथा रुथ प्रभु



सबसे पहले शुरुआत सामंथा रुथ प्रभु से ही करते हैं। फैमिली मैन 2 के साथ सामंथा प्रभु ने अपनी सीरीज की शुरुआत की। राज और डीके शो के निर्देशन के प्रभारी थे। सामंथा ने राजी नाम की लड़की एक किरदार निभाया और आम जनता और आलोचकों दोनों ने वास्तव में उसके काम की प्रशंसा की। सीरीज में सामंथा ने खुद को एक विद्रोही नेता के रूप में बदल दिया, जो युद्ध में माहिर है और भयानक आघात का सामना कर चुकी हैं। अब वह सिटाडेल के भारतीय रूपांतरण के साथ दर्शकों को फिर से प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सीरीज में वे बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह वरुण का ओटीटी डेब्यू होगा।

### नित्या मेनन

नित्या मेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। नित्या ने अभिषेक बच्चन के साथ वेब सीरीज ब्रीद- इन्टू द शैडो में काम किया था। उन्होंने अभिषेक बच्चन की पत्नी का किरदार निभाया था। मयंक शर्मा द्वारा निर्देशित विक्रम तुली, प्रिया सागगी और अभिजीत देशपांडे की मनोवैज्ञानिक अपराध थ्रिलर में अभिषेक बच्चन, अमित साध, निथ्या मेनन, सयामी खेर और इवाना कौर दिखे थे।

### राशि खन्ना

अभिनेत्री राशि खन्ना भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुई हैं। उन्होंने फर्जी सीरीज में काम किया था, जिसमें वे शाहिद कपूर के साथ नजर आई थीं। सीरीज में अपने काम के बाद से ही फर्जी एक्टर राशि खन्ना को प्रशंसा मिली। सीरीज में उन्होंने आरबीआई ऑफिसर मेघा का किरदार निभाया था। शो में वह खुद को एक ईमानदार और बहुत ग्लैमरस ऑफिसर के रूप में पेश करती हैं।

### प्रियामणि



इस लिस्ट के साउथ अभिनेत्री प्रियामणि भी शामिल हैं। द फैमिली मैन 2 में प्रियमणि ने सुचित्रा अय्यर की भूमिका निभाई है, जिसे सुची के नाम से भी जाना गया। सीरीज में वे एक ऐसी पत्नी थीं, जो अपने परिवार के लिए अकेले कमाने वाली बनकर तंग आ चुकी हैं। उनकी दृढ़ता और अभिनय की बहुत प्रशंसा की गई।



## एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 से नहीं जुड़े विक्रम

चियान विक्रम अपनी अगली फिल्म थंगलान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। पा रंजीत के निर्देशन में बनी यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अभिनेता जोरों-शोरों से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में वह फिल्म के प्रचार के लिए हैदराबाद में थे। इसी दौरान विक्रम ने थंगलान के प्रमोशन के साथ-साथ उस अफवाह पर भी चुप्पी तोड़ी, जिसका सच जानने के लिए प्रशंसक काफी ज्यादा उत्सुक थे। चियान ने निर्देशक एसएस राजामौली की आगामी फिल्म एसएसएमबी29 से जुड़ाव की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। अस्थायी रूप से एसएसएमबी29 शीर्षक वाली यह फिल्म राजामौली और तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। फिल्म ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है, खासकर राजामौली की पिछली फिल्म आरआरआर के बाद, जिसने पिछले साल इतिहास रचते हुए ऑस्कर अपने नाम किया था। यह फिल्म एक वर्ष से अधिक समय से प्री-प्रोडक्शन में है। निर्माता, कलाकार और चालक दल इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। महेश के बदलते हेयर स्टाइल के अलावा, फिल्म के घटनाक्रम के बारे में बहुत कम जानकारी जारी की गई है। विक्रम को एसएसएमबी29 में शामिल किए जाने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे चर्चा और भी बढ़ गई है। हालांकि, इस अफवाह में बहुत कम सच्चाई लगती है। विक्रम ने पुष्टि की कि वह भविष्य में राजामौली के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन अभी तक कोई विशेष फिल्म तय नहीं की गई है। विक्रम ने कहा, राजामौली एक अच्छे दोस्त हैं। हम पिछले कुछ समय से बात कर रहे हैं। बेशक, हम कभी एक फिल्म में काम भी करेंगे, लेकिन हमने किसी खास चीज पर विचार नहीं किया है।



## नागेश कुकुनूर की मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित!

माधुरी दीक्षित निर्देशक नागेश कुकुनूर के साथ अपनी आगामी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी। माधुरी दीक्षित ने पिछले कुछ सालों में कई फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से प्रशंसकों का दिल जीता है। अपने शानदार अभिनय के साथ ही माधुरी ने अपने बेहतरीन डांस के जरिए भी लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। वहीं मिसेज देशपांडे में माधुरी को एक अलग किरदार में देखना प्रशंसकों के लिए काफी मनोरंजक रहेगा। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने टीवी रियलिटी शो और वेब सीरीज में भी बेहतरीन काम किया है। 2022 में द फेम गेम के साथ डिजिटल में अपनी शुरुआत करने के बाद अब माधुरी आगामी शो मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आगामी सीरीज में माधुरी एक सीरियल किलर की भूमिका में नजर आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, माधुरी दीक्षित एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म में सीरियल किलर की भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं, जिसे नागेश कुकुनूर द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस वेब सीरीज का नाम मिसेज देशपांडे है। शो की कहानी बताती है कि कैसे पुलिस एक सीरियल किलर को काम पर रखती है और दूसरे सीरियल किलर के तरीके को समझने और उसे पकड़ने के लिए उसके दिमाग का इस्तेमाल करती है। बता दें यह शो एक फ्रेंच सीरीज का रीमेक है। बहरहाल, वेब सीरीज की कास्टिंग का काम चल रहा है। वहीं माधुरी के प्रशंसक उनको एक डार्क रोल में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। नागेश कुकुनूर को मॉडर्न लव हैदराबाद के निर्देशन के लिए जाना जाता है। उन्होंने सिटी ऑफ ड्रीम्स नाम की वेब सीरीज का भी निर्देशन किया है।

## पुष्पा 2 के क्लाइमैक्स की शूटिंग कर रहे अल्लू अर्जुन



पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म से जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अल्लू अर्जुन और फिल्म निर्माता सुकुमार के बीच संभावित झगड़े की अटकलें पिछले कुछ समय से चल रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता-निर्देशक के बीच पुष्पा 2- द रूल की शूटिंग में देरी को लेकर मनमुटाव हुआ था। हालांकि, निर्माताओं की ओर से इस बारे में पुष्टि नहीं की गई थी। वहीं अब निर्माताओं ने फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी साझा की है।

निर्माताओं ने आखिरकार अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 के बारे में एक नया अपडेट दिया है। अल्लू अर्जुन इन दिनों पुष्पा 2 के क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग कर रहे हैं और इसके भव्य होने की उम्मीद है। पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, शूट अपडेट- पुष्पा 2 द रूल वर्तमान में क्लाइमैक्स के लिए एक शानदार एक्शन एपिसोड की शूटिंग कर रहा है। 6 दिसंबर 2024 को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी। पोस्ट के अनुसार, टीम वर्तमान में इसके क्लाइमैक्स सीक्वेंस को फिल्मा रही है।

निर्माताओं ने पुष्पा 2 की रिलीज की तारीख की भी पुष्टि की। खबर की घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने फिल्म से एक छोटा सा अंश साझा किया, जिसमें पुष्पा राज उर्फ अल्लू अर्जुन अपने रोमांचक अवतार में नजर आ रहे हैं। पुष्पा 2- द रूल के लिए उत्सुकता बढ़ने के साथ ही इस अपडेट ने फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया है। उम्मीद है कि सीक्वल में शानदार नाटकीय अनुभव के लिए हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस दिखाए जाएंगे। पुष्पा 2 – द रूल की कहानी निर्देशक सुकुमार और श्रीकांत विसा द्वारा लिखी गई है।



## मैं अच्छी और बुरी किस्मत में विश्वास करता हूं, आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है

**एक्टर-प्रड्यूसर तुषार कपूर बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। उनका मानना है कि अच्छी और बुरी किस्मत होती है और हम अपनी प्रार्थनाओं से भाग्य बदल सकते हैं। तुषार ने कहा, मैं अच्छे और बुरे भाग्य में यकीन करता हूं। हम इस दुनिया में कुछ खास कर्मों के साथ आए हैं। कुछ लोग कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें एक निश्चित सीमा से ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाती, कुछ न कुछ बाधाएं उनके रास्ते में आती रहती हैं। एक्टर ने आगे कहा, और कभी-कभी, ऐसे लोगों को बड़ी कामयाबी मिल जाती है, जो लोग आलसी होते है, लेकिन चीजें उनके लिए सही हो जाती हैं।**

### मेरा मानना है कि यह सब आपके कर्म से जुड़ा है

उनका मानना है कि लंबे समय के लिए कड़ी मेहनत ज्यादा फायदेमंद होती है। एक्टर ने कहा, ये आपके टारगेट तक पूरा करने के लिए लगने वाले समय को कम कर सकता है या इससे चीजों में देरी भी हो सकती है, यह सब आपके भाग्य पर निर्भर करता है। मेरा मानना है कि यह सब आपके कर्म से जुड़ा है।

### मैं बौद्ध धर्म को मानने वाला हूं

भाग्य को कैसे बदला जा सकता है, इस बारे में बात करते हुए तुषार ने कहा, मैं बौद्ध धर्म को मानने वाला हूं, इसलिए मुझे लगता है कि आप हमेशा अपने कर्म और भाग्य को बदल सकते हैं, अपने जीवन में और अधिक सौभाग्य जोड़ सकते हैं, अपनी किस्मत बदल सकते हैं। मैं अच्छे और बुरे भाग्य में विश्वास करता हूं, लेकिन मेरा मानना है कि यह तय नहीं है और आप इसे बदल नहीं सकते। मेरा मानना है कि प्रार्थना से आप अपनी किस्मत बदल सकते हैं।

### ओटीटी शो दस जून की रात में नजर आ रहे हैं

तुषार फिलहाल ओटीटी शो दस जून की रात में नजर आ रहे हैं। इसमें वह भागेश का किरदार निभा रहे हैं, जिसकी किस्मत खराब है। यह पूछे जाने पर कि उन्हें क्या ज्यादा पसंद है, फिल्में या ओटीटी, तुषार ने कहा, पहला प्यार हमेशा फिल्म ही है, लेकिन एक एक्टर के तौर पर सेट पर जाकर परफॉर्म करना और एक अच्छी टीम के साथ काम करना...मुझे लगता है कि यह हर जगह एक जैसा है, फिर चाहे वह कोई फिल्म हो या वेब-शो।

### आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है

उन्होंने कहा कि इसकी तुलना रियलिटी शो के काम से की जा सकती है, जिसका अनुभव कुछ अलग है। तुषार ने कहा, मैं ये नहीं कहूंगा कि एक दूसरे से बेहतर है। लेकिन हां, आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है। बहुत तनाव है, अगर महामारी है या कई मल्टीपल फिल्म रिलीज है, तो स्क्रीन की परेशानी सामने आती है। लेकिन वेब शो के लिए, यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होता है और दर्शक इसे कभी भी और कहीं भी देख सकते हैं।

### वेब शो कम चुनौतीपूर्ण है

उन्होंने कहा, मैंने फिल्मों से शुरुआत की, उसकी खुशी ही कुछ अलग है। यह उस मायने में बेहतर है। वहीं वेब शो कम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन जहां तक अच्छी रिलीज का सवाल है, आपको उसका फल मिलता है। इसलिए, यह भी एक अलग ही खुशी देता है। बता दें किदस जून की रात जियो सिनेमा पर स्ट्रीम हो रही है।

## गर्ल्स हॉस्टल से अहसास चन्ना को मिली थी पहचान



अहसास चन्ना आज अपना 25वां जन्मदिन मना रही हैं। वह कई वेब सीरीज में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुकी हैं। सीरीज से पहले वह यूट्यूब चैनल की सीरीज और कई शॉर्ट वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। अहसास ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। महज पांच साल की उम्र में सुष्मिता सेन के साथ उनकी पहली फिल्म वास्तु शास्त्र आई थी। ओह माय फ्रेंड गणेशा, कभी अलविदा न कहना और आर्यन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।